


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 रोहित शर्मा ने तोड़े द्रविड़- तेंदुलकर के रिकॉर्ड ...

जो हम से टकराएगा, भारी कीमत चुकाएगा, इजरायली पीएम ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 116 | नई दिल्ली, मंगलवार, 06 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# बांग्लादेश में राजनीतिक संकट : प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दिया इस्तीफा

## बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां ने की घोषणा

प्रात : किरण

ढाका/एजेंसी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया है और अब अंतरिम सरकार कार्यभार संभालेगी। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां ने सोमवार को यहां यह घोषणा की। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब पिछले दो दिनों में हसीना की सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं, जिनमें 100 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। हसीना के देश छोड़कर चले जाने की खबरों के बीच सेना प्रमुख ने टेलीविजन पर दिए गए अपने संबोधन में कहा, मैं (देश की) सारी जिम्मेदारी ले रहा हूं। कृपया सहयोग करें। इस बीच, प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे चुकीं शेख हसीना के लंदन रवाना होने की जानकारी प्राप्त हुई है। मामले के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने सोमवार को नयी दिल्ली में यह जानकारी दी। इससे पहले, ऐसी अपुष्ट खबरें थीं कि वह (हसीना) भारत के किसी शहर के लिये रवाना हो गई हैं। सेना प्रमुख वकार-उज-जमां ने कहा कि उन्होंने राजनीतिक नेताओं से मुलाकात की और उन्हें बताया कि सेना कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेगी। बैठक में हालांकि हसीना की अवामी लीग पार्टी का कोई नेता मौजूद नहीं था। बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबर रहमान की 76 वर्षीय बेटी हसीना 2009 से सामरिक रूप से महत्वपूर्ण इस दक्षिण एशियाई देश की बागडोर संभाल रही थीं। उन्हें जनवरी में हुए 12वें आम चुनाव में लगातार चौथी बार और कुल पांचवीं बार प्रधानमंत्री चुना गया। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और उसके सहयोगियों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। पिछले दो दिनों में हसीना सरकार के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। देश में विवादास्पद कोटा प्रणाली के खिलाफ उग्र प्रदर्शन हो रहे हैं, जिसके तहत 1971 के मुक्ति संग्राम में लड़ने वालों के परिवारों के लिए 30 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित हैं। देश भर में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के बीच सेना प्रमुख ने कहा कि उन्होंने सेना और पुलिस दोनों से गोली न चलाने को कहा है। जमां ने प्रदर्शनकारियों से संयम बरतने और हिंसा बंद करने का आग्रह किया। उन्होंने सभी लोगों के लिए न्याय का संकल्प व्यक्त किया। सेना प्रमुख की घोषणा के तुरंत बाद, सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए और हसीना के निष्कासन का जश्न मनाने लगे।



## भारतीय सीमा सुरक्षा बल अलर्ट

नई दिल्ली। बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद पैदा हुए राजनीतिक संकट के बीच भारतीय सीमा सुरक्षा बल भी अलर्ट पर हैं। बांग्लादेश के साथ लगती 4096 किमी की सीमा की सुरक्षा करने वाली बीएसएफ ने अपने जवानों को अलर्ट जारी किया है। डीजी बीएसफ दलजीत सिंह चौधरी स्थिति पर करीब से नजर रखने के लिए कोलकाता पहुंच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध में पिछले एक महीने से लगातार विरोध-प्रदर्शन जारी थे। प्रदर्शनकारियों की मांग प्रधानमंत्री को हटाए जाने की थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने आज पद छोड़ दिया और सुरक्षित स्थान के लिए रवाना हो गई हैं। देश में अब सेना के सहयोग से अंतरिम सरकार बनेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने डूबने से तीन बच्चों की मौत पर जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किशनगंज जिले के हाजी बस्ती गांव के तालाब में नहाने के दौरान डूबकर तीन बच्चों की हुयी मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि अविलम्ब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

### मुख्यमंत्री ने करंट लगने से 09 कांवरियों की मौत पर जताया दुख

पटना। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वैशाली जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के पास डीजे ट्रॉली पर सवार 9 कांवरियों की करंट लगने से मौत की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूँ। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने के शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### कटिहार में दो बाइक की टक्कर में चार युवकों की मौत

कटिहार। बिहार में कटिहार जिले के मनिहारी थाना क्षेत्र में सोमवार को दो बाइक के बीच हुयी टक्कर में चार युवकों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि दो बाइक पर सवार चार युवक सावन की तीसरी सोमवारी के अवसर पर मनिहारी घाट जल भरने जा रहे थे। इस दौरान कुमारीपुर कजरा गांव के समीप दो बाइक के बीच टक्कर हो गयी। इस घटना में चार युवकों की मौत हो गयी सूत्रों ने बताया कि मृतकों में दो की पहचान कटिहार जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उदामारहिका गांव निवासी सूरज कुमार सिंह और कृष्णा राम के रूप में की गयी है।

### प्रेस की स्वतंत्रता का मुद्दा राज्यसभा में उठा

नई दिल्ली। देश में प्रेस की स्वतंत्रता पर हो रहे कुठाराघात तथा पत्रकारों पर हमलों तथा उनकी आवाज दबाये जाने का मुद्दा सोमवार को राज्यसभा में उठाया गया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी एम के वी शिवादासन ने शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाते हुए कहा कि देश में पत्रकार बड़ी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में 180 देशों में भारत 159 वें नम्बर पर है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को जेल में डाला जा रहा है।

## शिक्षा विभाग ने छुट्टियों की कटौती को रद्द कर नई सूची जारी की

# सरकारी स्कूलों की छुट्टियों में छह दिन का इजाफा

## रक्षा बंधन, तीज, जितिया व अनंत चुतर्दशी के दिन रहेगा अवकाश

प्रात : किरण

पटना। बिहार सरकार ने सरकारी स्कूल के शिक्षकों को राहत दी है। सरकार ने स्कूलों की छुट्टियों में 6 दिन का और इजाफा किया है। शिक्षा विभाग ने छुट्टियों की कटौती को रद्द कर दिया है और छह नई छुट्टियों की सूची जारी की है।

नई सूची के के मुताबिक इस वर्ष तीज पर दो, राखी, जितिया, गुरु नानक जयंती और अनंत चतुर्दशी पर एक दिन अवकाश रहेगा। यह फैसला शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव के सिद्धार्थ के आदेश से गठित कमेटी के रिपोर्ट के बाद लिया गया है। इससे पहले शिक्षा विभाग के पूर्व अपर मुख्य सचिव केके पाठक पर पर्व-त्योहारों में छुट्टियां रद्द करने के आरोप लगे थे। शिक्षकों ने तो कई बार इसका विरोध भी किया था। अब शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की नाराजगी दूर कर दी है। शिक्षकों को मिलने वाली अवकाश तालिका में छह दिन की छुट्टी बढ़ गई है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से इस लिए चिट्ठी भी जारी कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के निदेशक बैद्यनाथ यादव की ओर से जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि बिहार के सामान्य एवं उर्दू विद्यालय के प्रारंभिक, मध्य एवं माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में साल 2024 के लिए अवकाश तालिका निर्धारित किया गया था। कतिपय पर्व त्योहारों को ध्यान में रखते हुए निर्गत अवकाश तालिका में आंशिक संसोधन किया गया है।



**रक्षा बंधन और गुरुनानक जयंती पर अवकाश :** अगस्त से लेकर नवंबर के बीच पर्व त्योहारों को ध्यान में रखते हुए इस इस वर्ष रक्षा बंधन को लेकर 19 अगस्त, हरितालिका व्रत को लेकर छह व सात सितंबर, अनंत चर्तुदशी को लेकर 17 सितंबर, जीवित पुत्रिका व्रत को लेकर 25 सितंबर और गुरुनानक जयंती या कार्तिक पूर्णिमा को लेकर 15 नवंबर को अवकाश रहेगा। पूर्व में रद्द छुट्टियों को एस सिद्धार्थ ने फिर से बहाल कर दिया है। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है। इस आदेश के मुताबिक राज्य के सामान्य एवं उर्दू विद्यालय के प्रारंभिक माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय में वर्ष 20 24 के लिए अवकाश तालिका निर्धारित किया गया है। आदेश के मुताबिक रक्षाबंधन को एक दिन, हरतालिका व्रत यानी तीज को लेकर दो दिन, अनंत चतुर्दशी को एक दिन, जितिया पर्व को लेकर एक दिन और गुरु नानक जयंती को भी छुट्टी घोषित की गई है।

# दरभंगा ग्रामीण एसपी काम्या मिश्रा ने अपने पद से दिया इस्तीफा

## पत्र में निजी व पारिवारिक वजहों का दिया हवाला

प्रात : किरण

पटना। बिहार की तेज तर्रार आईपीएस एवं दरभंगा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक काम्या मिश्रा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे का पत्र सोमवार को उन्होंने पुलिस मुख्यालय भेज दिया। इसकी पुष्टि खुद ग्रामीण एसपी काम्या मिश्रा ने की है। उन्होंने पत्र में निजी व पारिवारिक वजहों का हवाला दिया है। फिलहाल मुख्यालय से सहमति आने का इंतजार किया जा रहा है। बातचीत में काम्या मिश्रा ने बताया कि माता-पिता की अकेली बेटी हूं। वहां बड़ा कारोबार है। संभल नहीं रहा है। परिवार भी नहीं संभल रहा है। इतनी अच्छी नौकरी कोई यूं ही नहीं छोड़ता।



**जीतन सहनी हत्याकांड को सुलझाया :** मालूम हो कि हाल ही में काम्या मिश्रा ने विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी हत्याकांड का कम समय में उद्भेदन किया था। इस हाई प्रोफाइल मामले के लिए डीआईजी बाबूराम की ओर से गठित विशेष जांच दल का जिम्मा काम्या मिश्रा को दिया गया था। मामले में पांच आरोपित गिरफ्तार हुए।

**निजी कारणों से दिया इस्तीफा :** बिहार कैडर की आईपीएस अधिकारी काम्या मिश्रा इस्तीफे की कॉपी जैसे ही पुलिस मुख्यालय पहुँची, वैसे ही इस्तीफे की चर्चा मुख्यालय से लेकर आम लोगो के बीच में बना हुआ है। काम्या फिलहाल को दरभंगा की ग्रामीण एसपी के रूप में तैनात है। उन्होंने इस्तीफे की वजह निजी कारण बताया है।

**ओडिशा की रहने वाली हैं काम्या :** काम्या मिश्रा का जन्म 1 नवंबर 1996 को हुआ था। वह ओडिशा की हैं। 2019 की संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम में 172वां रैंक पाकर काम्या मिश्रा ने आईपीएस ज्वाइन किया। उन्होंने बाद में ओडिशा से अपना कैडर बिहार करा लिया। उन्होंने आईपीएस के रूप में 26 अगस्त 2019 को ज्वाइन किया और दरभंगा ग्रामीण एसपी के रूप में 06 मार्च 2024 को मिली अंतिम पोस्टिंग पर रहते हुए इस्तीफा दिया है।

**2021 में की आईपीएस सी शादी :** दिल्ली के श्रीराम कॉलेज से स्नातक करने वाली काम्या मिश्रा के पति अवधेश दीक्षित इस समय मुजफ्फरपुर के सिटी एसपी हैं। दोनों की शादी 2021 में हुई थी। दोनों 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। अवधेश दीक्षित का मूल राज्य राजस्थान है।

# बेसमेंट में विद्यार्थियों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट का स्वतः संज्ञान

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में एक निजी कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में गत 27 जुलाई को पानी में डूबकर तीन विद्यार्थियों की मौत मामले में सोमवार को स्वतः संज्ञान और नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर उनसे सुरक्षा मानदंडों पर जवाब मांगा। पीठ ने उनसे पूछा है कि सभी कोचिंग सेंटरों में किस तरह के पर्याप्त सुरक्षा मानदंडों का पालन किया जा रहा। शीर्ष अदालत ने दिल्ली में तीन भारतीय प्रशासनिक सेवा अभ्यर्थियों की दुखद मौत का हवाला देते हुए कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दायर एक अन्य याचिका पर सुनवाई की। यह याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम को घटना के बाद अग्निशमन विभाग से वैध अनापत्ति प्रमाण पत्र के बिना राज्य में चल रहे कोचिंग सेंटरों को बंद करने का निर्देश दिया गया था। उच्च न्यायालय ने दो अगस्त को घटना की जांच दिल्ली पुलिस से लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी थी। एक निजी कोचिंग सेंटर के के बेसमेंट में 27 जुलाई को अचानक बारिश का पानी घुसने के बाद वहां तीन विद्यार्थियों की डूबकर मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद दिल्ली के राजेंद्र नगर और मुखर्जी नगर क्षेत्र में यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी कर रहे सैकड़ों विद्यार्थी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।



### ठगी करने वाली कंपनियों से जब्त रकम पीड़ितों को लौटाएगी ईडी

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। इस फैसले के तहत निवेश के नाम पर ठगी करने वाली कंपनियों से ईडी द्वारा जब्त की गई रकम उन लोगों को लौटाई जाएगी जो इस ठगी का शिकार हुए हैं। चिटफंड और अन्य जमा योजनाओं में पैसा गंवा चुके लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। सरकारी जांच एजेंसी ईडी इन घोटाले में जब्त रकम को पीड़ितों में बांटने की तैयारी कर रही है। बता दें कि पश्चिम बंगाल में 2013 में हुआ रोज वैली घोटाला एक बड़ा फाइनेंशियल स्कैम है। यह स्कैम सारदा घोटाले से भी बड़ा था और प्रवर्तन निदेशालय के अनुमान के अनुसार पूरे भारत में निवेशकों से 17,520 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। ऑल इंडिया स्मॉल डिपॉजिटर यूनियन ने यह राशि 40,000 करोड़ रुपये आंकी, जबकि कुछ रिपोर्टों में यह रकम 60,000 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है।

# वायु सेना ने बीडीएल को 200 एस्ट्रा मिसाइलों के उत्पादन की दी मंजूरी

प्रात : किरण

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत डायनेमिक्स लिमिटेड को 200 एस्ट्रा मार्क-1 हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के उत्पादन के लिए मंजूरी दी है। एस्ट्रा मिसाइलों को रूसी मूल के सुखोई-30 और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस विमानों में एकीकृत किया जाएगा। एस्ट्रा मिसाइलों को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने विकसित किया है, जिसकी उत्पादन एजेंसी बीडीएल है। वायु सेना के अधिकारियों ने बताया कि बीडीएल को उत्पादन की मंजूरी हाल ही में भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित की हैदराबाद यात्रा के दौरान दी गई। आईएएफ के उप प्रमुख ने डीआरडीओ की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला का दौरा किया था, जो एस्ट्रा मिसाइलों के लिए विकास एजेंसी है। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 2,971 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना के लिए 31 मई, 2022 को मंजूरी दी थी। सभी परीक्षणों और विकासों के पूरा होने के बाद अब 200 मिसाइलों के लिए उत्पादन की मंजूरी दे दी गई है। मिसाइलों के उत्पादन के बाद रूसी मूल के सुखोई-30 और स्वदेशी हल्के लड़ाकू तेजस विमानों को एस्ट्रा से लैस किया जाएगा। भारतीय वायु सेना मिसाइलों के लिए कई स्वदेशी परियोजनाओं में मदद कर रही है और हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों सहित तीन से चार ऐसे कार्यक्रम पूरे होने वाले हैं। भारतीय वायु सेना डीआरडीओ के साथ स्वदेशी एस्ट्रा कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है। अब लगभग 130 किलोमीटर की दूरी तक मारक क्षमता वाली एस्ट्रा मिसाइल के मार्क-2 का परीक्षण करने पर विचार किया जा रहा है। इसके अलावा 300 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली लंबी दूरी की एस्ट्रा मिसाइल का परीक्षण और विकास करने की योजना भी चल रही है।



# वक्फ बोर्ड की शक्तियों को कम करने की खबरों पर सियासत तेज

नई दिल्ली/एजेंसी। वक्फ बोर्ड की शक्तियों पर अंकुश लगाने की खबरों के बीच भारतीय जनता पार्टी ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए नई जमींदारी व्यवस्था स्थापित करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि वक्फ बोर्ड को टच मी नॉट मानसिकता से बाहर आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित समस्या का तार्किक समाधान ढूंढना वक्फ के लिए अच्छा है। इसकी जरूरत है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि बहुत लंबे समय से मुस्लिम समुदाय पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग कर रहा था। वक्फ बोर्ड की व्यवस्था में वक्फ के पास तीसरी सबसे बड़ी भूमि स्वामित्व है, इसके पास लाखों करोड़ की संपत्ति है, हालांकि, इसकी आय 200 करोड़ रुपये से भी कम है। उन्होंने आरोप लगाया कि वक्फ बोर्ड 10-15 प्रभावशाली परिवारों के लिए नई जमींदारी व्यवस्था स्थापित करने का जरिया बन गया है। वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जा किए जा रहे हैं। उधर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी वक्फ बोर्ड की शक्तियों पर अंकुश लगाने वाले विधेयक का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हिंदू-मुस्लिम के अलावा या फिर मुस्लिमों के हक को छीनने के अलावा किसी भी अन्य चीज पर काम नहीं किया है। उन्हें जो अधिकार मिले हैं, स्वतंत्रता का अधिकार या अपने धर्म का पालन करने का अधिकार और उनकी कार्य प्रणाली को बनाए रखने का अधिकार है। समाजवादी पार्टी इस विधेयक का विरोध करेगी।

## चुनाव | लोकसभा चुनाव के परिणामों पर उठे सवालों पर चुनाव आयोग का फूटा गुस्सा

# चुनाव को बदनाम करने के लिए चलाया जा रहा है झूठा अभियान : चुनाव आयोग

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने एक्स पर बयान जारी करते हुए कहा कि मानव जाति के इतिहास में अब तक हुए सबसे बड़े चुनाव को बदनाम करने के लिए एक झूठा अभियान चलाया जा रहा है। आयोग का यह बयान कांग्रेस पार्टी द्वारा हाल ही में किए गए दावों के बाद आया है, जिसमें कांग्रेस ने अंतिम मतदान प्रतिशत में वृद्धि को लेकर धांधली की आशंका जताई थी। आयोग ने अपने बयान में कहा कि चुनाव के प्रत्येक चरण में उम्मीदवारों और हितधारकों के साथ पारदर्शिता बनाए रखी गई थी। इसके बावजूद मतदान के आंकड़ों को निराधार बताने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि पूरी तरह से गलत है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी चुनावी प्रक्रियाओं को सबसे पारदर्शी तरीके से संचालित किया गया है और किसी भी प्रकार की धांधली की कोई संभावना नहीं है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने दावा किया कि इस बढ़ोत्तरी से स्पष्ट होता है कि भाजपा ने चुनाव परिणामों को हेरफेर किया है। उन्होंने वोट फॉर डेमोक्रेसी नामक संस्था की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि रिपोर्ट में मतदान के प्रारंभिक और अंतिम आंकड़ों के बीच बड़े अंतर की बात की गई है। उन्होंने दावा किया, इस विश्लेषण के मुताबिक, मतदान वाले दिनों पर चुनाव आयोग द्वारा घोषित किए गए मतों के आंकड़ों और अंतिम मतदान प्रतिशत में बहुत अंतर है। यदि राष्ट्रीय स्तर पर यह औसत अंतर 4.7 प्रतिशत का है, तो क्या ये चुनाव नतीजे सही थे। दीक्षित ने यह भी आरोप लगाया कि राज्यों के स्तर पर, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश और ओडिशा में, मतदान प्रतिशत में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। उन्होंने इसे भाजपा और उसके गठबंधन के अच्छे प्रदर्शन से जोड़ते हुए चुनाव परिणामों पर सवाल उठाए हैं। दीक्षित का कहना है, अगर राज्यों के स्तर पर देखें, तो पता चलेगा कि आश्चर्यजनक तरीके से आंध्र प्रदेश और ओडिशा में 12.5 प्रतिशत वोट बढ़ जाता है।

संयोग है कि ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भाजपा और उसके गठबंधन ने चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में प्रारंभिक आंकड़ों की तुलना में अंतिम मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी देखी गई है। पार्टी ने इस बढ़ोत्तरी को धांधली का संकेत मानते हुए चुनाव आयोग से इसकी जांच करने की मांग की।





# फिजी, न्यूजीलैंड, तिमोर-लेस्ते की राजकीय यात्रा पर रवाना हुयीं मुर्मु

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार शाम को भारत की एक्ट ईस्ट नीति को बढ़ावा देते हुए फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते के राजकीय दौरे पर रवाना हुईं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत की एक्ट ईस्ट नीति को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की यात्रा पर रवाना हुईं। राष्ट्रपति भवन ने एक पोस्ट में कहा, पहले चरण में राष्ट्रपति फिजी की राजकीय यात्रा करेंगी। यह यात्रा दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और गति प्रदान करेगी। वहीं एक अन्य पोस्ट में राष्ट्रपति भवन ने कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की अपनी राजकीय यात्रा के लिए रवाना हुईं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की फिजी और तिमोर-लेस्ते की पहली यात्रा होगी। श्रीमती मुर्मु 5-6 अगस्त को फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवलिली काटोनीवरे के निमंत्रण पर फिजी की यात्रा पर रहेंगी। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की फिजी की पहली यात्रा है। श्रीमती मुर्मु अपनी यात्रा के दूसरे चरण में गवर्नर जनरल डेम सिंडी कीरो के निमंत्रण पर 7-9 अगस्त तक न्यूजीलैंड के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह श्री कीरो के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से भी मिलेंगी। श्रीमती मुर्मु एक शिक्षा सम्मेलन को संबोधित करेंगी और भारतीय समुदाय के लोगों से बातचीत करेंगी। श्रीमती मुर्मु 10 अगस्त को राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता के निमंत्रण पर तिमोर-लेस्ते के दौरे पर जाएंगी। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की तिमोर-लेस्ते की पहली यात्रा होगी। इसके अलावा, राष्ट्रपति मुर्मु भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगी।



## हरियाली तीज

सावन में है तीज का, एक अलग उल्लास।
प्रेम रंग में भीग कर, कहती जीवन खास।।

जैसे सावन में सदा, होती खूब बहार।
ऐसे ही हर घर सदा, मने तीज त्योहार।।

हाथों में मेंहदी रची, महक रहा है प्यार।
चूड़ी, पायल, करधनी, गोरी के श्रृंगार।।

उत्सव, पर्व, समारोह है, ये हरियाली तीज।
आती है हर साल ये, बोने खुशियां बीज।।

अगर हमीं बोते रहे, राग- द्वेष के बीज।
होंगे फीके प्रेम बिन, सावन हो या तीज।

बोए मिलकर हम सभी, अगर प्रेम के बीज।
रहे न चिन्ता दुख कभी, हर दिन होगी तीज।

प्यार-प्रेम सिंचित करें, ह्रदय यूं दे बीज।
हरी-भरी हो जिंदगी, तभी सफल हो तीज।

भावहीन अब हो रहे, सभी तीज त्योहार।
लगे प्यार के बीज यदि, मिटे दिलों की रार।।

सावन झूले हैं कहाँ, और कहाँ है तीज।
मन में भरे कलेश के, सबके काले बीज।।

मन को ऐसे रंग लें, भर दें ऐसा प्यार।
हर पल हर दिन ही रहे, सावन का त्यौहार।।

## उमंग व उल्लास का पर्व है तीज

रमेश सर्राफ धमोरा

श्रावण में बरसात के मौसम में चारों ओर हरियाली की चादर बिखर जाती है, जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार।

श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को श्रावणी तीज कहते हैं। उत्तर भारत में यह हरियाली तीज के नाम से भी जानी जाती है। सावन के महीने में सिंजारा, तीज, नागपंचमी एवं सावन के सोमवार जैसे लोकपर्व उत्साह पूर्वक मनाए जाते हैं। श्रावण के महीने में मनायी जाने वाली हरियाली तीज आस्था, प्रेम, सौंदर्य व उमंग का त्यौहार है। तीज को मुख्यतः महिलाओं का त्यौहार माना जाता है। यह पर्व महिलाओं की सांस्कृतिक मान्यताओं का प्रतीक है। सावन माह मंक मनाया जाने वाला हरियाली पर्व दंपतियों के वैवाहिक जीवन में समृद्धि, खुशी और तरक्की का प्रतीक है। तीज का त्यौहार भारत के कोने-कोने में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार भारत के उत्तरी क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

वर्षा ऋतु में श्रावण के महीने में हमारे देश में चारों तरफ पानी बरसता रहता है। इस दौरान चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आती है। हरियाली के आगोश में प्रकृति इस तरह झूम उठती है मानो पृथ्वी अपनी हरी-भरी बाहें फैलाकर सबका अभिनंदन कर रही हो। श्रावण के महीने को हिंदू धर्मावलंबी भगवान शिव का महीना मान मानकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। कांवड़िए देशभर में विभिन्न नदी, तालाबों से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। गणगौर के बाद पर्वों का सिलसिला रुक जाता है। वह एक बार फिर श्रावण मास की तीज से प्रारंभ हो जाता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। श्रावण का आगमन ही इस त्यौहार के आने की आहट सुनाने लगता है। यह पर्व भारतीय जनमानस के अटूट विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ता प्रदान करने का पर्व है। इस पर्व में हरियाली शब्द से ही साफ है कि इसका ताल्लुक पेड़-पौधों और पर्यावरण से है। यह पर्व जीवन में जश्न का प्रतीक है और हरियाली तीज का पर्व प्रकृति का त्योहार हैं।

इस मौके पर महिलाएं अच्छी फसल के लिए भी प्रार्थना करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूडियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेहंदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वतः ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और ह्रदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं। सावन की तीज में महिलाएं व्रत रखती हैं। इस व्रत को अविवाहित कन्याएं योग्य वर को पाने के लिए करती हैं तथा विवाहित महिलाएं अपने सुखी दांपत्य की चाहत के लिए करती हैं।

राजस्थान में जिन कन्याओं की सगाई हो गई होती है, उन्हें अपने होने वाले सास-ससुर से एक दिन पहले ही भेंट मिलती है। इस भेंट को स्थानीय भाषा में सिंझारा कहते हैं। सिंझारा में मेहंदी, लाख की चूडियां, लहरिया नामक विशेष वेश-भूषा, घेवर नामक मिठाई जैसी कई वस्तुएं होती हैं। पीहर पक्ष अपनी विवाहित पुत्री को भी सिंझारा भेजा जाता है। इसे पूजा के बाद सास को सुपुर्द कर दिया जाता है। राजस्थान में नवविवाहिता युवतियों को सावन में ससुराल से मायके बुलाने की भी परम्परा है। तीज के अवसर पर नवयुवतियां हाथों में मेहंदी रचाते हुए गीत गाती हैं। समूचा वातावरण शृंगार से अभिभूत हो उठता है।

इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता है कि महिलाओं का हाथों पर विभिन्न प्रकार से बेल-बूटे बनाकर मेहंदी रचाना। राजस्थान में हाथों व पांवों में भी विवाहिताएं मेहंदी रचाती हैं। इसे मेंहदी मांडना कहते हैं। इस दिन राजस्थानी बालाएं दूर देश गए अपने पति के तीज पर आने की कामना करती हैं। जो कि उनके लोकगीतों में भी मुखरित होता है। राजस्थान के गांवों में पहले लड़कियां गुड्डे-गुड्डी का खेल खेलती थीं। तीज के दिन से गुड्डे-गुड्डी का खेल खेलना बन्द कर देती थी। इसलिये गांव की लड़कियां एक साथ एकत्रित होकर अपनी पुरानी गुड्डे-गुड्डी को गांव के पास के नदी, तालाब, जोहड़ में बहा देती थी, जिसे गुड्डी बहावना कहा जाता था। अपने सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिये स्त्रियां यह व्रत किया करती हैं। इस दिन उपवास कर भगवान शंकर-पार्वती की बालू से मूर्ति बनाकर शोडशोपचार पूजन किया जाता है जो रात्रि भर चलता है। स्त्रियों द्वारा सुंदर वस्त्र धारण किए जाते हैं तथा घर को सजाया जाता है।

इसके बाद मंगल गीतों से रात्रि जागरण किया जाता है। इस व्रत को करने वाली स्त्रियों को पार्वती के समान सुख प्राप्त होता है। तीज का आगमन वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही आरंभ हो जाता है। आसमान काले मेघों से आच्छादित हो जाता है और वर्षा की फुहार पड़ते ही हर वस्तु नवरूप को प्राप्त करती है। ऐसे में भारतीय लोकजीवन में हरियाली तीज या कजली तीज महोत्सव का बहुत गहरा प्रभाव देखा जा सकता है। आज के दौर में ये सब बीती बाते बन कर रह गई है। राजस्थान में मान्यता है कि गणगौर के साथ ही पर्व-त्यौहार मनाना बन्द हो जाते हैं। वो तीज के दिन से पुनः मनाये जाने लगते हैं। तीज से शुरू होने के बाद त्यौहारों का सिलसिला गणगौर तक चलता है। इसीलिए राजस्थान में एक कहावत प्रचलित है तीज त्योंहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर।

# सस्टेनबल (सतत) हथकरघा पुनरुद्धार को बढ़ावा देना: मात्रा के बजाय गुणवत्ता

हमारे स्वतंत्रता संग्राम के एक हिस्से के रूप में इस आंदोलन का उद्देश्य घरेलू उत्पादों और उत्पादन प्रक्रियाओं को पुनर्जीवित करना था। इस ऐतिहासिक अवसर को याद करने और हमारी हथकरघा परंपरा का जश्न मनाने के लिए, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 2015 में, 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में घोषित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारत के हथकरघा कामगारों को सम्मानित करना तथा हथकरघा क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करना है। हथकरघा क्षेत्र ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। इनमें से 25 लाख से ज्यादा महिलाएं हैं। इस प्रकार, यह क्षेत्र महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। वस्त्र मंत्रालय ने देश भर में हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। मैं आपका ध्यान 28 जुलाई 2024 को माननीय प्रधानमंत्री के मन की बात की ओर आकर्षित करना चाहूंगा, जिसमें उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तीकरण प्रदान करने में हथकरघा क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला था। उन्होंने नए स्टार्टअप उद्यमों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया जो हथकरघा उत्पादों और सस्टेनबल फैशन को प्रोत्साहित करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से स्थानीय हथकरघा उत्पादों को लोकप्रिय बनाने तथा उन्हें है पिछले कुछ वर्षों में, भारत का हथकरघा क्षेत्र निरंतरता और स्लो फैशन के प्रतीक के रूप में उभरा है। आज, मैं मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर देना चाहता हूं, क्योंकि हम हथकरघा के पुनरुत्थान का जश्न मना रहे हैं अत: इस अवसर पर मैं भारत के लोगों से हथकरघा क्षेत्र में सतत गति बनाए रखने की अपील करता हूं।





गिरिराज सिंह
केंद्रीय वस्त्र मंत्री

हम 7 अगस्त, 2024 को 10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना रहे हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि स्वदेशी आंदोलन की शुरूआत 7 अगस्त 1905 को टाउन हॉल, कोलकाता में आयोजित एक बैठक में इसी दिन हुई थी। हमारे स्वतंत्रता संग्राम के एक हिस्से के रूप में इस आंदोलन का उद्देश्य घरेलू उत्पादों और उत्पादन प्रक्रियाओं को पुनर्जीवित करना था। इस ऐतिहासिक अवसर को याद करने और हमारी हथकरघा परंपरा का जश्न मनाने के लिए, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 2015 में, 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में घोषित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारत के हथकरघा कामगारों को सम्मानित करना तथा हथकरघा क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करना है।

हथकरघा क्षेत्र ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। इनमें से 25 लाख से ज्यादा महिलाएं हैं। इस प्रकार, यह क्षेत्र महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। वस्त्र मंत्रालय ने देश भर में हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। मैं आपका ध्यान 28 जुलाई 2024 को माननीय प्रधानमंत्री के मन की बात की ओर आकर्षित करना चाहूंगा, जिसमें उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तीकरण प्रदान करने में हथकरघा क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला था। उन्होंने नए स्टार्टअप उद्यमों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया जो हथकरघा उत्पादों और सस्टेनबल फैशन को प्रोत्साहित करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से स्थानीय हथकरघा उत्पादों को लोकप्रिय बनाने तथा उन्हें है पिछले कुछ वर्षों में, भारत का हथकरघा क्षेत्र निरंतरता और स्लो फैशन के प्रतीक के रूप में उभरा है। आज, मैं मात्रा की अपेक्षा गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर देना चाहता हूं, क्योंकि हम हथकरघा के पुनरुत्थान का जश्न मना रहे हैं अतः इस अवसर पर मैं भारत के लोगों से हथकरघा क्षेत्र में सतत गति बनाए रखने की अपील करता हूं। हथकरघा बुनाई एक विरासत वाली शिल्पकला है जो स्लो, निरंतर और नैतिक फैशन के सिद्धांतों को मूर्त रूप देती है।

पिछले दशक में लगातार सरकारी प्रयासों से फास्ट फैशन से लेकर स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तुओं में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी गर्व से भारतीय हथकरघा पर बुने हुए कपड़े पहनते हैं और विश्व स्तर पर उनको बढ़ावा भी देते हैं तथा हथकरघा क्षेत्र की सफलता में काफी हद तक उनका योगदान रहा है। अब समय आ गया है कि अधिक से अधिक लोग इस आंदोलन में शामिल हों।

हथकरघा क्षेत्र सस्टेनबिलिटी को बढ़ावा देने के अलावा, महिलाओं और हाशिए पर पहुंच चुके समुदायों को सशक्त बनाने, उनके लिए आर्थिक संभावनाएं प्रदान करने और अपनी शिल्पकला पर उन्हें गर्व करने के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। मैं इस क्षेत्र के उत्थान में कताई, रंगाई और बुनकर के रूप में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता हूं तथा उनके अमूल्य योगदान की सराहना करता हूं। मैं देश भर के पारंपरिक समुदायों और विशेषकर महिलाओं के योगदान को पूरी तरह से मान्यता और सम्मान देता हूं, जिनके बिना हथकरघा क्षेत्र के उत्थान की कल्पना नहीं की जा सकती है। उनके योगदान को बनाए रखने और उसे बढ़ावा देने के लिए उनके साथ गरिमापूर्ण एवं सम्मानजनक व्यवहार करना जरूरी है। इसके अलावा, हथकरघा क्षेत्र में कई महिला-नेतृत्व वाली सहकारी समितियां और स्वयं सहायता समूह भी बने हुए हैं। ये संगठन न केवल प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराते हैं, बल्कि एक सहायता नेटवर्क भी प्रदान करते हैं जो एकजुटता और सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति को बढ़ावा देता है। महिला स्वयं सहायता समूह एकजुट होकर, अपने उत्पादों की बेहतर कीमतों के लिए सौदेबाजी कर सकती हैं, बड़े बाजारों तक पहुंच बना सकती हैं तथा उचित मजदूरी और कार्य करने संबंधी उचित परिस्थितियाँ की भी मांग कर सकती हैं। बुनाई कौशल, डिजाइन नवाचार और एंटरप्रेन्योर क्षमताओं में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू किए गए शैक्षिक कार्यक्रम और पहलें महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाती हैं। नई तकनीकों में निपुणता प्राप्त करके और आधुनिक डिजाइनों को एक्सप्लोर करके, महिला बुनकर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाकर समकालीन बाजारों को आकर्षित कर सकती हैं जो उनके शिल्प की सस्टेनबिलिटी को सुनिश्चित करेगी।

एम्ब्रॉइडरी और प्रिंटिंग द्वारा मूल्य संवर्धन के माध्यम से हथकरघा को बढ़ावा देने से पारंपरिक वस्त्रों में नई जान आती है, तथा अद्वितीय और अत्यधिक वांछनीय उत्पाद तैयार होते हैं। एम्ब्रॉइडरी, सुई के काम से जुड़ी एक जटिल कला है, जो हथकरघा कपड़ों में गहराई और विशेषता पैदा करती है। जरदोजी, कांथा या चिकनकारी जैसी विभिन्न तकनीकों को शामिल करके, कारीगर साधारण हथकरघा वस्त्रों को विस्तृत, अद्वितीय टुकड़ों में बदल देते हैं। इससे न केवल सौंदर्य अपील बढ़ती है बल्कि उत्पादों का बाजार मूल्य भी बढ़ता है, जिससे कारीगरों को बेहतर आर्थिक अवसर मिलते हैं। इन मूल्य संवर्धन तकनीकों को हथकरघा वस्त्रों के साथ संयोजित करने से ऐसे उत्पाद तैयार होते हैं जो पारंपरिक और समकालीन दोनों बाजारों को आकर्षित करते हैं। यह फ्यूजन न केवल सदियों पुराने शिल्प को संरक्षित और पुनर्जीवित करता है बल्कि हस्तनिर्मित, पर्यावरण-अनुकूल वस्त्रों के उपयोग को प्रोत्साहित करके सस्टेनबल फैशन को भी बढ़ावा देता है। हथकरघा उद्योग में प्रौद्योगिकी और नवाचार का एकीकरण बुनकरों द्वारा अनुभव की जाने वाली कठिनाई को कम करने, उत्पादकता बढ़ाने और इस पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आधुनिक प्रगति ने हथकरघा बुनाई से जुड़े शारीरिक श्रम को काफी हद तक कम कर दिया है, जिससे यह प्रक्रिया अधिक इफिशएन्ट और अपेक्षाकृत कम श्रम वाली हो गई है। इसके अतिरिक्त, कंप्यूटर-एडेड डिजाइन (सीएडी) सॉफ़्टवेयर बुनकरों को बुनाई शुरू करने से पहले उन्हें जटिल पैटर्न और रंग संयोजनों के सुव्यवस्थित प्रयोग हेतु सक्षम बनाता है। इससे न केवल समय की बचत होती है, बल्कि त्रुटियों का जोखिम भी कम हो जाता है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाले आउटपुट प्राप्त होते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई-कॉमर्स वेबसाइटें बुनकरों को व्यापक बाजारों तक पहुंच

# सावन में खुशियों के बीज, बोने आती हरियाली तीज

स्त्रियों के समूह गीत गा-गाकर झूला झूलते हैं। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को श्रावणी तीज कहते हैं। इसे हरितालिका तीज भी कहते हैं। जनमानस में यह हरियाली तीज के नाम से जानी जाती है। श्रावण के महिने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार। स्त्रियां अपने हाथों पर त्योहार विशेष को ध्यान में रखते हुए भिन्न-भिन्न प्रकार की मेहंदी लगाती हैं। मेहंदी रचे हाथों से जब वह झूले की रस्सी पकड़ कर झूला झूलती हैं तो यह दृश्य बड़ा ही मनोहारी लगता है, मानो सुहागिन आकाश को छूने चली हैं। इस दिन सुहागिन स्त्रियां सुहागी पकडकर सास के पांव छूकर उन्हें देती हैं। यदि सास न हो तो स्वयं से बड़ों को अर्थात जेठानी या किसी वृद्धा को देती हैं। इस दिन कहीं-कहीं स्त्रियां पैरों में आलता भी लगाती हैं जो सुहाग का चिह्न माना जाता है। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेले लगते हैं और माता पार्वती की सवारी बड़े धूमधाम से निकाली जाती है। वास्तव में देखा जाए तो हरियाली तीज कोई धार्मिक त्योहार नहीं वरन महिलाओं के लिए एकत्र होने का एक उत्सव है। नवविवाहित लड़कियों के लिए विवाह के पश्चात पडे वाले पहले सावन के त्योहार का विशेष महत्त्व होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था।





प्रियंका सौरभ
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

हरियाली तीज का उत्सव श्रावण मास में शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है। मुख्यतः यह स्त्रियों का त्योहार है। इस समय जब प्रकृति चारों तरफ हरियाली की चादर सी बिछा देती है तो प्रकृति की इस छटा को देखकर मन पुलकित होकर नाच उठता है। जगह-जगह झूले पड़ते हैं। स्त्रियों के समूह गीत गा-गाकर झूला झूलते हैं। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को श्रावणी तीज कहते हैं। इसे हरितालिका तीज भी कहते हैं। जनमानस में यह हरियाली तीज के नाम से जानी जाती है। श्रावण के महिने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार। स्त्रियां अपने हाथों पर त्योहार विशेष को ध्यान में रखते हुए भिन्न-भिन्न प्रकार की मेहंदी लगाती हैं। मेहंदी रचे हाथों से जब वह झूले की रस्सी पकड़ कर झूला झूलती हैं तो यह दृश्य बड़ा ही मनोहारी लगता है, मानो सुहागिन आकाश को छूने चली हैं। इस दिन सुहागिन स्त्रियां सुहागी पकडकर सास के पांव छूकर उन्हें देती हैं। यदि सास न हो तो स्वयं से बड़ों को अर्थात जेठानी या किसी वृद्धा को देती हैं। इस दिन कहीं-कहीं स्त्रियां पैरों में आलता भी लगाती हैं जो सुहाग का चिह्न माना जाता है। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेले लगते हैं और माता पार्वती की सवारी बड़े धूमधाम से निकाली जाती है। वास्तव में देखा जाए तो हरियाली तीज कोई धार्मिक त्योहार नहीं वरन महिलाओं के लिए एकत्र होने का एक उत्सव है। नवविवाहित लड़कियों के लिए विवाह के पश्चात पडे वाले पहले सावन के त्योहार का विशेष महत्त्व होता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूडियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेंहदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वतः ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और ह्रदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं। सावन की तीज में महिलाएं व्रत रखती हैं। इस व्रत को अविवाहित कन्याएं योग्य वर को पाने के लिए करती हैं तथा विवाहित महिलाएं अपने सुखी दांपत्य की चाहत के लिए करती हैं।

तीज का आगमन भीषण ग्रीष्म ऋतु के बाद पुनर्जीवन व पुनर्शक्ति के रूप में होता है। यदि इस दिन वर्षा हो तो यह और भी स्मरणीय हो उठती है। लोग तीज जुलूस में ठंडी बौछार की कामना करते हैं। ग्रीष्म ऋतु के समाप्त होने पर काले कजरारे मेघों को आकाश में घुमड़ता देखकर पावस के प्रारम्भ में पपीहे की पुकार और वर्षा की फुहार से आभ्यंतर आनन्दित हो उठता है। ऐसे में भारतीय लोक जीवन कजली या हरियाली तीज का पर्वोत्सव मनाता है। आसमान में घुमड़ती काली घटाओं के कारण ही इस त्योहार या पर्व को कजली या कज्जली तीज तथा पूरी प्रकृति में हरियाली के कारण तीज के नाम से जाना जाता है। इस त्योहार पर लड़कियों को ससुराल से पीहर बुला लिया जाता है। विवाह के पश्चात पहला सावन आने पर लडकी को ससुराल में नहीं छोड़ा जाता है। नवविवाहिता लडकी की ससुराल से इस त्योहार पर सिंजारा भेजा जाता है। हरियाली तीज से एक दिन पहले सिंजारा मनाया जाता है। इस दिन नवविवाहिता लडकी की ससुराल से वस्त्र, आभूषण, श्रृंगार का सामान, मेहंदी और मिठाई भेजी जाती है। इस दिन मेहंदी लगाने का विशेष महत्त्व है।

स्त्रियां आकर्षक परिधानों से सुसज्जित हो भगवती पार्वती की उपासना करती हैं। राजस्थान में जिन कन्याओं की सगाई हो गई होती है, उन्हें अपने भविष्य के सास-ससुर से एक दिन पहले ही भेंट मिलती है। इस भेंट को स्थानीय भाषा में शिंझार (श्रृंगार) कहते हैं। शिंझार में अनेक वस्तुएं होती हैं, जैसे मेहंदी, लाख की चूडिां, लहरिया नामक विशेष वेश-भूषा, जिसे बांधकर रंगा जाता है तथा एक मिष्ठान जिसे घेवर कहते हैं। इसमें अनेक भेंट वस्तुएं होती हैं, जिसमें वस्त्र व मिष्ठान होते हैं। इसे मां अपनी विवाहित पुत्री को भेजती है। पूजा के बाद ह्यबयाह्ल को सास को सुपुर्द कर दिया जाता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी यदि कन्या ससुराल में है तो मायके से तथा यदि मायके में है तो ससुराल से मिष्ठान, कपड़े आदि भेजने की परम्परा है। इसे स्थानीय भाषा में तीज की भेंट कहा जाता है। राजस्थान हो या पूर्वी उत्तर प्रदेश, प्रायः नवविवाहिता युवतियों को सावन में ससुराल से मायके बुला लेने की परम्परा है। सभी विवाहिताएं इस दिन विशेष रूप से श्रृंगार करती हैं। सायंकाल बन ठनकर सरोवर के किनारे उत्सव मनाती हैं और उद्यानों में झूला झूलते हुए कजली के गीत गाती हैं। इस अवसर पर नवयुवतियां हाथों में मेहंदी रचाती हैं। तीज के गीत हाथों में मेहंदी लगाते हुए गाये जाते हैं। समूचा वातावरण श्रृंगार से अभिभूत हो उठता है। इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता है, महिलाओं का हाथों पर विभिन्न प्रकार से बेलबूटे बनाकर मेहंदी रचाना। पैरों में आलता लगाना, महिलाओं के सुहाग की निशानी है। हाथों व पांवों में भी विवाहिताएं मेहंदी रचाती हैं जिसे ह्यमेहंदी मांडनाह्ल कहते हैं। इस दिन बालाएं दूर देश गए अपने पति के तीज पर आने की कामना करती हैं जो कि उनके लोकगीतों में भी मुखरित होता है। तीज के दिन का विशेष कार्य होता है, खुले स्थान पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर झूला बांधना। झूला स्त्रियों के लिए बहुत ही मनभावन अनुभव है। मल्हार गाते हुए मेहंदी रचे हुए हाथों से रस्सी पकड़े झूलना एक अनूठा अनुभव ही तो है। सावन में तीज पर झूले न लगें, तो सावन क्या? तीज के कुछ दिन पूर्व से ही पेड़ों की डालियों पर, घर की छत की कड़ों या बरामदे में कड़ों में झूले पड़ जाते हैं और नारियां, सखी-सहेलियों के संग सज-संवरकर लोकगीत, कजरी आदि गाते हुए झूला झूलती हैं। पूरा वातावरण ही उनके

# प्रकृति एवं मानव ह्रदय की भव्य भावना की अभिव्यक्ति हरियाली तीज

अशोक प्रवृद्ध

कुंवारी कन्याओं के द्वारा मनोवांछित वर प्राप्ति और विवाहित महिलाओं के द्वारा पति के दीघार्यु व स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिवर्ष श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरियाली तीज मनाई जाने की पौराणिक परिपाटी है। सौंदर्य और प्रेम के इस पर्व को श्रावणी तीज भी कहते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसे कजली तीज के रूप में मनाया जाता है, और कजली के गीत गाए जाते हैं। शिव-पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला आस्था, उमंग, सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव, यह व्रत सुहागन स्त्रियों के लिए बहुत महत्व रखता है। इसे हरितालिका तीज भी कहते हैं। चतुर्दिक हरियाली छाई होने के कारण इसे हरियाली तीज कहते हैं। प्रकृति एवं मानव ह्रदय की भव्य भावना की अभिव्यक्ति हरियाली तीज का उत्सव भारत के अनेक भागों में मनाया जाता है। अधिकांशतः यह व्रत उत्तरप्रदेश, बिहार, हरियाणा, चण्डीगढ़, राजस्थान में मनाया जाता है। पश्चिमी उत्तरप्रदेश के कुरू और ब्रजांचल में विशेषकर इसका अधिक महत्त्व है। महाराष्ट्र में भी इस व्रत का पालन किया जाता है। इस वर्ष 2024 में यह त्योहार 7 अगस्त दिन बुधवार को है। पौराणिक मान्यता है कि श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया के दिन माता पार्वती सैकड़ों वर्षों की साधना के पश्चात भगवान शिव से मिली थीं। कथा के अनुसार भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए माता पार्वती ने 107 वर्षों तक कठोर तपस्या की, फिर भी उन्हें पति रूप में प्राप्त नहीं कर सकी, तो 108वीं बार हिमालय में राज्य दक्ष के यहाँ माता पार्वती ने जन्म लेकर शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। और शिव को प्रसन्न कर श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने में सफल हो गई। तब से ही श्रावण मास की शुक्ल पक्ष तृतीया को हरियाली तीज व्रत का प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर जो सुहागन महिलाएं सोलह श्रृंगार करके शिव -पार्वती की पूजा करती हैं, और सुहाग की लम्बी अवधि की कामना करती हैं। ऐसी मान्यता है कि माता पार्वती का इस दिन पूजन- आराधन, आह्वान विवाहित स्त्री -पुरुष दोनों के जीवन में हर्ष प्रदान करता है। मान्यता है कि देवी पार्वती के कहने पर प्रसन्न शिव ने जगत कल्याण के लिए यह आशीर्वाद भी दिया कि इस व्रत को रखकर शिव- पार्वती की पूजा करने वाली कुंवारी कन्याओं के विवाह में आने वाली समस्त विघ्न- बाधाएं दूर होंगी व उन्हें मनोवांछित वर की प्राप्ति होगी। सुहागन स्त्रियों को इस व्रत से सौभाग्य की प्राप्ति तथा लंबी अवधि तक पति का साथ प्राप्त होगा। यही कारण है कि इस व्रत को कुंवारी कन्याएं और सुहागन स्त्रियां दोनों ही रखती हैं। श्रावण मास में जब चतुर्दिक हरियाली छाई हुई होती है, और चारों ओर हरी चुनरी ओढ़े प्रकृति का साम्राज्य कायम रहता है, तब श्रावण कृष्ण अमावस्या को हरियाली अमावस्या व उसके तीन बाद श्रावण शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरियाली तीज जैसे पर्वों के आगमन से महिलाओं के मन मयूर शिव समान नर्तन करने लगते हैं। श्रावण के आगमन के साथ ही प्रकृति की हरियाली छटा को देखकर नारी मन पुलकित होकर नाच उठता है। ग्रीष्म ऋतु के समाप्त होने पर काले - कजरारे मेघों को आकाश में उमड़ता- घुमड़ता देखकर पावस के प्रारंभ में पपीहे की पुकार और वर्षा की फुहार से आभ्यंतर आनन्दित हो उठता है। जगह-जगह वृक्ष की शाखाओं में झूले पड़ जाते हैं। ऐसे में हरीतिमापूर्ण प्रकृति के साथ तीज का आगमन भीषण ग्रीष्मऋतु के बाद पुनर्जीवन व पुनर्शक्ति के रूप में होता है। इस दिन वर्षा हो जाने पर यह और भी स्मरणीय हो उठती है। हरियाली तीज के अवसर पर स्त्रियां आकर्षक परिधानों से सुसज्जित हो भगवती पार्वती की उपासना करती हैं। शिव- पार्वती के पूजन के पश्चात स्त्रियों के समूह लोकगीत गा-गाकर झूला झूलती हैं, आनन्द मनाती हैं। सायंकाल बन ठनकर सरोवर के किनारे उत्सव मनाती हैं और उद्यानों में झूला झूलते हुए कजली के गीत गाती हैं। अपने हाथों, कलाइयों और पैरों आदि पर विभिन्न कलात्मक रीति से मेंहदी रचाती हैं। अपने कुल की वृद्ध महिलाओं से आशीर्वाद लेती हैं। सुहागन स्त्रियां हरे रंग का श्रृंगार करती हैं। सास और बड़े बुजुर्ग नई दुल्हन को वस्त्रद, हरी चूड़ि यां, श्रृंगार सामग्री और मिरठाइयां भेंट करती हैं

## संक्षिप्त खबरें

### जमीनी विवाद मे मारपीट कर वृद्ध को किया जख्मी

बनियापुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के लौवा छतवा गाव मे जमीनी विवाद को लेकर वृद्ध को मारपीट कर जख्मी कर दिया गया है,जिसके बाद इलाज के लिए जख्मी को रेफरल अस्पताल लाया गया। पीड़ित के बयान पर दर्ज प्राथमिकी मे. दो लोगो को नामजद किया गया है ।घटना के पीड़ित मिश्री लाल तिवारी ने प्राथमिकी मे बताया है कि घर के कुछ दूरी पर अपना दुकान बनवा रहे थे ,तभी पट्टीदार कन्हैया तिवारी सोमनाथ तिवारी पहुंचकर गाली गलौज करते मारपीट कर जख्मी कर दिए,मामले मे पुलिस अनुसंधान मे जुटी है।

### शादी की नियत से दो किशोरियों का हुआ अपहरण

दरियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों से दो किशोरियों का शादी की नीयत से अपहरण कर लिया गया ।इस संबंध में दोनों के परिजनों ने थाने में अलग अलग एफआईआर दर्ज कराई है ।जानकारी के अनुसार गौरैना से दरियापुर बाजार सिलाई सीखने गई 15 वर्षीया किशोरी का शादी की नीयत से अपहरण कर लिया गया ।इस मामले में किशोरी के पिता ने अपने ही गांव के चार लोगों को नामजद किया है ।वहीं सरनारायण से एक किशोरी का शादी की नीयत से कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया ।किशोरी की मां ने सरनारायण के तीन व साहो सरैया के एक को नामजद किया है ।पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### दरवाजा तोड़ आभूषण समेत नकदी की चोरी

दरियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के मनचितवा में एक व्यक्ति के घर का दरवाजा तोड़ कर 46 हजार नकद सहित करीब तीन लाख के गहने चोरों ने चुरा लिए ।जानकारी के अनुसार मुंशीलाल राय अपना घर बंद कर कुछ दिन के लिए बाहर चले गए थे ।जब वापस लौटे तो देखे की घर का दरवाजा टूटा हुआ है ।जब कमरे में गए तो अलमीरा, अटैची,बक्से आदि भी टूटे हुए थे ।जिसमें रखे नकदी, सोने चांदी के गहने आदि सामान गायब थे ।इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी ।पुलिस पहुंची और छानबीन शुरू की ।इस संबंध में गृह स्वामी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

### 5 लीटर देसी शराब के साथ धन्धे बाज गिरफ्तार

एकमा । स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बनवारी अमनौर गांव में छापेमारी कर देसी शराब के साथ स्वर्गीय मुसाफिर महतो के पुत्र रमाशंकर महतो के पास पांच लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज दिया ।

### चोरी की बाइक के साथ शराब कारोबारी गिरफ्तार

दरियापुर ।स्थानीय पुलिस ने सुमेर पट्टी से चोरी की बाइक व 60 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार धंधेबाज बिनु कुमार दिघवारा थाने के हेमंतपुर का रहने वाला है ।जानकारी के अनुसार पुलिस गश्त पर निकली थी ।इसी बीच बाइक पर शराब लोड कर उक्त धंधेबाज उसी रास्ते से गुजर रहा था ।पुलिस को देख वह भागने की कोशिश करने लगा ।तभी पुलिस ने खदेड़ कर उसे पकड़ लिया। छानबीन के दौरान उसकी बाइक पर लदी 60 लीटर देसी शराब बरामद हुई ।बाइक का कागजात भी नही था।

### पुलिस ने एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर भेजा जेल

परसा ।थाना क्षेत्र के शंकरडीह परसा में छापेमारी करते हुए 22 लीटर देशी शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया.गिरफ्तार शराब धंधेबाज पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए सोमवार को जेल भेज दिया.उक्त गिरफ्तार शराब धंधेबाज डेरनी थाना क्षेत्र के पोझी गांव निवासी बैजनाथ राय का पुत्र राजेंद्र राय बताया जाता है.

### हस्तकरघा दिवस अभियान के तहत बीजेपी महिला मोर्चा ने कारीगरों को किया सम्मानित

रक्सौल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाया गया ह्रहस्तकरघा दिवस अभियानह्र के तहत भाजपा जिला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योतिराज गुप्ता के नेतृत्व में रक्सौल के चर्चित महबूब भाई के लहठी कारखाना में जाकर उनको एवं उनके सभी कारीगर भाई लोगों को भाजपा का गमछा ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए माला पहनाया गया, जिसके बाद सभी को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया गया ।साथ ही दलित बस्ती में जाकर हाथ से बनाने वाली दऊरा, डगरा एवं सुपली बनाने वाली महिलाओं को भी सम्मानित करते हुए माला पहनाकर मुंह मीठा कराया गया।

# भारी मात्रा में नशीली दवाओं के साथ तस्कर युवक गिरफ्तार, आबकारी विभाग की कार्रवाई

**प्रात: किरण, संवाददाता**



रक्सौल। मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सदा के निर्देश पर अवैध शराब और नशीली दवाइयां की तस्करी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए इंस्पेक्टर अभिषेक आनंद के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शहर रक्सौल और आसपास के इलाकों में रात्रि में भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष कार्रवाई के तहत नेपाल बॉर्डर से सटे शहर के डंकन रोड में छापेमारी के दौरान एक तस्कर सहित भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयां भी बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में शामिल उत्पाद विभाग के एसआई भुवन कुमार, एएसआई विकास कुमार और उपेंद्र कुमार ने नेपाल बॉडर से चंद दूरी पर रात्री नाका लगाकर तस्कर सहित प्रतिबंधित सामान को बरामद किया है। भारत-नेपाल के बीच खुली सीमा के आड़ में सुरक्षा एजेंसियों के निष्क्रियता से बड़े पैमाने पर ड्रग्स तस्करी का धंधा जारी है। बॉर्डर पर दोनों तरफ से जम्बोजेट सुरक्षा एजेंसी के तैनाती के बाद भी बड़े पैमाने पर गांजा चरस की तस्करी का जारी होना सुरक्षा एजेंसी के कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहा है। शनिवार की रात्रि में नव पद स्थापित उत्पाद विभाग के अधिकारी इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार के द्वारा एक ऑपरेशन में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में नशीली दवाइयां के साथ एक तस्कर की गिरफ्तारी से इस धंधे का पदार्फाश हुआ है। शनिवार को भारत-नेपाल सीमा से रात्रि छापेमारी से जहां ड्रग्स तस्करों में खलबली मच गई है। वही इस घटना से बॉर्डर पर मादक पदार्थ तस्करों के सक्रिय होने का भी खुलासा हुआ है। इस धंधे में अंतर्राष्ट्रीय सिंडिकेट गिरोह शामिल है। नेपाल में इन अंतरराष्ट्रीय तस्करों द्वारा गांजा की खेती भी करायी जाती है। जहां से तस्करों द्वारा कैरियर के माध्यम से गांजा को अवैध रूप से भारतीय सीमा क्षेत्र में भेजकर दिन दुनी रात चौगुनी मुनाफा कमाने का सिलसिला जारी है। मानव शरीर में गांजा और चरस को फिट करने के साथ अब ट्रक और तेल टैंकर के अंदर गुप्त तहखाना बनाकर उसमे मादक पदार्थ छुपाकर नेपाल से भारत ले जाने का रोज-रोज तस्करी के नया-नया तरकीब इजाद किया जाता रहा है। जिस कारण तस्करी के सामान को बरामद कर पाना जहां सुरक्षा एजेंसियों के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रही है। जिसका लाभ उठाकर दोनों देश के तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर तस्करी जारी रखने से कालांतर में भारत-नेपाल का यह बॉर्डर ड्रग्स तस्करों के लिए ट्रांजिट पॉइंट बनता जा रहा है। नेपाल से मादक पदार्थ भारत में भेजकर भारत विरोधी तत्वों द्वारा भारतीय युवा वर्ग को बर्बाद करने की गुप्त योजना का भी खुलासा हुआ है। रक्सौल शहर के डंकन रोड , रामजी सिंह चौक, वॉशिंग पीच, आश्रम रोड, कौड़िहार गांव स्थित धांगर टोली, लक्ष्मीपुर स्थित कई बस्तियों में शराब और नशीली पदार्थ पदार्थ का धंधा बदस्तूर जारी है। रक्सौल आबकारी थाना अध्यक्ष अभिषेक आनंद ने बताया कि शहर के इन सभी तमाम जगह को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही इन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा। छापेमारी अभियान के दौरान ड्रोन का भी मदद लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शराबियों और शराब माफियाओं पर हर दिन कार्रवाई हो रही है। लगातार इन शराबियों को पड़कर कानून के हवाले किया जा रहा है। इंस्पेक्टर अभिषेक आनंद ने बताया कि हम लोग छापेमारी और चेकिंग के दौरान लोगों से अपील भी करते हैं की शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए जानलेवा और हानिकारक है। साथ ही पकड़े जाने पर जेल भी जाना पड़ेगा।

## 13 सितंबर को रक्सौल में भव्यता के साथ आयोजित होगी श्री बलभद्र पूजनोत्सव



**प्रात: किरण, संवाददाता**

रक्सौल। कलवार कल्याण समिति के तत्वाधान में रविवार की देर शाम रक्सौल नगर परिषद क्षेत्र के पटेल पथ अंतर्गत जगदीश हैंडलुम में एक साधारण सभा की बैठक कलवार कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कलवार समाज के कुलदेवता भगवान श्री बलभद्र के पूजनोत्सव को लेकर चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान कलवार कल्याण समिति के द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस साल बलभद्र पूजनोत्सव का आयोजन दिनांक 13-सितंबर-2024 दिन शुक्रवार को पूर्व की तरह रक्सौल फल मंडी स्थित श्री जितेन्द्र किशोर उर्फ बब्लू जी, श्री सुमेन्द्र किशोर उर्फ मोनू जी एवं बप्पी साह जी की संयुक्त भूमि पर भव्यता के साथ आयोजित की जायेगी। इसमें मुख्य यजमान के रूप में अनिल कुमार गुप्ता सपत्नीक पूजा में शामिल होगें। साधारण सभा की बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन की मजबूती के लिए समाज से नये लोगों को समिति में शामिल किया जायेगा, ताकि समाज के कल्याण के लिए समिति के तत्वावधान में और भी सामाजिक कार्यों को संपन्न कराया जा सके। समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार प्रसाद ने बताया कि पूजा को लेकर सभी तरह की आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गयी है। सभी के सहयोग से रक्सौल में पूजा का भव्य आयोजन किया जायेगा। साधारण सभा की बैठक में सभी सदस्यों ने एक स्वर में निर्णय का स्वागत करते हुए तन, मन धन से पूजा में सहयोग करने की प्रतिबद्धता जतायी। बैठक का संचालन कलवार कल्याण समिति के सचिव धीरज कुमार कर रहे थे। अंत में शांति पाठ के बाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी। मौके पर संरक्षक अजय कुमार गुप्ता उर्फ बाबल जी, उपाध्यक्ष प्रदीप भारती, महासचिव ध्रुव प्रसाद, सचिव अनिल कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री चंदन कुमार, चंदन गुप्ता, जितेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष सुनिल कुमार, सह कोषाध्यक्ष मंगलम कुमार, अंकेक्षक सोनू कुमार गुप्ता, कानूनी सलाहकार बैजू जायसवाल के साथ-साथ कलवार कल्याण समिति के सक्रिय कार्यकर्ता गण मौजूद थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता ने दी।

## होमगार्ड के जवानों ने अपनी मांगों को लेकर बगहा अनुमंडल के सामने धरना प्रदर्शन किया



**प्रात: किरण, संवाददाता**

बगहा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य के होमगार्ड के जवानों ने कर्तव्य भत्ता ,महंगाई भत्ता व पांच दिनों की अवकाश देने सहित अपने विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को बगहा अनुमंडल के गृह रक्षों ने अनुमंडल के समक्ष धरना दिया। धरना की अध्यक्षता गृह रक्षा वाहिनी के जिला कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र गिरी ने किया। धारना को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के द्वारा उन्हें कर्तव्य एवं महंगाई भत्ता दिए जाने का निर्देश सरकार को दिया गया है। लेकिन सरकार के द्वारा गृह रक्षों के प्रति उदासीन रवैया बनाते हुए सुप्रीम कोर्ट की आदेश इसकी लगातार अवहेलना की जा रही है। इसके विरोध में वे चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गृह रक्षक लगातार सरकार की अपेक्षाओं का शिकार हो रहे हैं। जबकि बिहार पुलिस के समान ही उनसे कार्य लिया जा रहा है। वही सभा को संबोधित करते हुए सचिव मोहन साह ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है तब तक गृह रक्षको का यह आंदोलन जारी रहेगा। गृह रक्षको ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम को भी सौपा है। इस अवसर पर जितेंद्र गिरी, डेलीगेट सदस्य जितेंद्र मिश्र, मोहन साह,अशोक शुक्ला, मोहम्मद हसनैन,तारकेश्वर सिंह, रमाशंकर चौधरी,राधा कृष्ण राव, बालेश्वर गिरी, विनय सिंह , प्रमोद पाठक आदि मौजूद थे।

## श्रावण की तीसरी सोमवारी को लेकर शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक



**प्रात: किरण, संवाददाता**

एकमा। नगर व प्रखंड के सभी शिवालयों पर हर हर महादेव की जय घोष के साथ शिव भक्तों कि जलाअभिषेक करने के लिए लगीं तांता जहां शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ की पूजा पाठ कर आराधना किया। जिनमें नगर पंचायत के प्रखंड मुख्यालय स्थित शिवालय पर सोमवार के दिन अहले सुबह के चार बजे से ही शिव भक्तों कि जलाअभिषेक करने के लिए तांता लग गई। जहां मंदिर के पुजारी ने शिव भक्तों को लाईन लगाकर महिला व पुरुष शिव भक्तों को मंदिर में प्रवेश कराई ।शिव भक्तों ने हर हर महादेव जय शिव कि जय कारा लगाते हुए जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना के लिए आशीर्वाद मांगा। वहीं हंसराजपुर राम-जानकी मंदिर मौज बाबा के मठिया पारसा गढ़ के बाबा प्रसादी नाथ के मंदिर आदि शिवालयों में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। ग्रामीण क्षेत्रों में श्रावण मास कि तिसरी सोमवारी को लेकर चहल-पहल देखी गई।

## मारपीट में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत, शव को अस्पताल के सामने रखकर किया प्रदर्शन

**प्रात: किरण, संवाददाता**

बगहा। बगहा में मारपीट में जख्मी बगहा के वार्ड 16 का निवासी विकास मित्र छठठु राम की मौत इलाज के दौरान गोरखपुर में हो गई। विकास मित्र के मौत के बाद परिजनों ने सोमवार को बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में शव रखकर प्रदर्शन किया। विकास मित्र के परिजन इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी और पुलिस पर उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगा रहे हैं । जानकारी के मुताबिक बीते दिनों शहर के वार्ड 16 वार्ड में नलजल का कार्य चल रहा था। इस कार्य में लगे पाइप मिस्त्री साहिल कुमार से नीतीश यादव सूरज कुमार,आदित्य चौधरी मुन्ना चौधरी ,नीतीश चौधरी,गोलू कुमार का पूर्व से विवाद चल रहा था। पाइप ठीक करने के दौरान उक्त लोग साहिल से झगड़ा कर रहे थे। तभी विकास मित्र छठु राम भी वहां पहुंचे एवं झगड़ा कर रहे लोगों से को समझाने बुझाने लगे। तभी इन सभी लोगों ने छठ्ठू राम को जाति सूचक गाली देते हुए उनके साथ मारपीट की । जिसमें छठु राम बुरी तरह से घायल हो गया। बाद में सूचना पर पहुँचे परिजन छठ्ठु राम को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले गए । जहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जीएमसएच रेफर कर दिया गया। जीएमसीएच में भी छठ्ठू की स्थिति ठीक नहीं होते देख जीएमसीएच से उसे पीएमसीएच के लिए रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन छठ्ठू को इलाज के लिए गोरखपुर हेरिटेज हॉस्पिटल ले गए। जहां रविवार की देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस दौरान विकास मित्र के पुत्र अरविंद राम ने थाने में पुलिस को आवेदन भी दिया। लेकिन पुलिस इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की । जिसको लेकर विकास मित्र के परिजन एवं ग्रामीण नाराज हैं । पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में अस्पताल में हंगामा की सूचना पर पहुंची नगर थाने की पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है । जिसके बाद परिजन शांत हुए हैं ।

बगहा नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस मामले में जांच कर रही है शीघ्र हीं मामले में केस दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जाएगी ।

## देवतुल्य कार्यकताओं की बदौलत भाजपा मजबूत है: विधायक

### भवानीपुर मंडल में भाजपा कार्यसमिति की बैठक संपन्न



**प्रात: किरण, संवाददाता**

आदापुर। नकरदेई थाना क्षेत्र के कटकेनवा चौक पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी के भवानीपुर मण्डल के कार्यसमिति के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मण्डलाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा ने की। मौके पर उपस्थित स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर पहुंचाने के लिए कार्यकताओं की सक्रियता अति आवश्यक है। साथ ही रक्सौल विधान सभा में जनसंघ के काल से ही भाजपा काफी मजबूत है जिसका सारा श्रेय देवतुल्य कार्यकताओं का है। उक्त बाबत उपाध्यक्ष लालाबाबू सिंह ने बताया कि भाजपा सरकार सम्प्रति, राष्ट्रहित में कार्य कर रही है। उनकी मेहनत और गरिमा को बनाए रखने के लिए हमे अपनी सक्रियता बनाए रखना होगा। महामंत्री निरंजन साह ने संगठन के आगामी कार्यों से सदस्यों को अवगत कराया तथा संगठन की मजबूती एवं बेहतर संरचना पर जोर दिया। बैठक मे आदापुर मंडल के अध्यक्ष नितेश पटेल,अजीत श्रीवास्तव, सहदेव प्रसाद, चितरंजन दुबे, धनंजय पड़ित, सुरेश माझी, रतनेश गुप्त, सौरभ चौबे, हीरालाल साह, महेश पटेल, संजीव सागर, अमृत लाल कुशवाहा, संतोष कुमार, वीरेंद्र ठाकुर, अनिल गुप्त, मदन राम सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## इ -लॉटस शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रन्तिकारी पहल : राजेश

**प्रात: किरण, संवाददाता**



एकमा। बिहार में शिक्षा की नई पहल इ - लॉटस यानी लाइब्रेरी ऑफ टीचर एंड स्टूडेंटस एक ऐसा डिजिटल प्लेटफार्म है जिसका उपयोग कर सरकारी स्कूल के बच्चे अपने भविष्य को सही दिशा दें सकते हैं । सोमवार के दिन अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय के वरिष्ठ लाइब्रेरियन श्री राजेश कुमार सिंह ने इस इ लाइब्रेरी के बारे में विद्यालय के छात्रों को एक सेमिनार में विस्तार से बताया। श्री सिंह ने अपने एक घंटे के सारगर्भित सम्बोधन में बिहार सरकार की इस शानदार पहल इ लॉटस एप्प का कैसे यूज करें,कक्षा 1 से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं किस प्रकार अपने क्लास के कैंटेंट को पढ़े व उसे डाउनलोड कर सकते हैं. इतना ही नहीं छात्र किसी भी सब्जेक्ट के चैप्टर को ठीक से समझने के लिए उस पर आधारित विडिओ भी देख सकते हैं जिससे की उस विषय पर उनका क्लियर कांसेप्ट बनेगा। उन्होंने आगे कहा की बच्चे इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपना फीडबैक भी दे सकते हैं साथ ही बच्चे इस प्लेटफार्म पर बिहार बोर्ड व इंटर की भी तैयारी भी कर सकते हैं दो बार लगातार नेट उत्तीर्ण एवं 7 राज्यों का सेट क्वालीफाई राजेश सारण जिले में अपने नवचारों व नई पहलों के लिए जाने जाते हैं। आपके इस पहल से बच्चों में इ लॉटस के प्रति काफी उत्साह देखा गया मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री कृष्ण भगवान यादव, शिक्षक जीतेन्द्र कुमार पाण्डेय, आफताब आलम, मनोरमा कुमारी, राजन कुमार एवं बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

## तीसरी सोमवारी को तरैया मंदिर में शिव की भक्तो लगी भिड़

**प्रात: किरण, संवाददाता**

तरैया थाना क्षेत्र के तरैया बाजार स्थित शिव मंदिर परिसर में सोमवारी को शिव भक्तो की भिड़ लगी हुई थी ।इसी बीच मंदिर परिसर में खड़ी ग्रामीण चिकित्सक की स्पेलेंडर बाइक चोर लेकर फरार हो गए है ।पीड़ित पानापुर थाना क्षेत्र के भोरहा भगवानपुर गांव निवासी मिथलेश कुमार है ।जिसकी अमनौर में निजी क्लीनिक चलती है ।सोमवार की सुबह तरैया बाजार सब्जी खरीदने आया था ।मंदिर परिसर में बाइक खड़ी कर सब्जी खरीदने लगा ।दस मिनट बाद जब वापस आया तो उसकी बाइक उक्त स्थल पर नहीं थी ।पीड़ित ने आरोप लगाया है की किसी अज्ञात चोरों द्वारा उसकी बाइक चोरी कर ली गई है ।हालांकि सोमवारी के दिन प्रखंड के प्रत्येक शिव मंदिर जहां भिड़ भाड़ होती है। वहां जिले से पुलिस बल तैनाद करने का निर्देश प्राप्त है ।लेकिन तरैया शिव मंदिर परिसर में जिस समय यह घटना घटित हुई उस समय मंदिर परिसर में कोई पुलिस बल तैनाद नहीं थी ।जिससे स्थानीय श्रद्धालुओं में पुलिस के प्रति आक्रोश है।

## युवा मंच ने मनाया सावन मिलन समारोह

**प्रात: किरण, संवाददाता**

बेतिया( कुमार अभिजितम ) ।नरकटियागंज स्तिथ बरनवाल युवा मंच के सदस्यों ने सपरिवार सावन मिलन समारोह शिवगंज अवस्थित विजय भवन में मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई फिर बरनवाल जाति के आदिपुरुष महाराजा अहिबरन जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर अहिबरन आरती बरनवाल युवा मंच ने सपरिवार किया। अध्यक्ष रंजीत प्रसाद बरनवाल ने पवित्र सावन महीने के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सावन में महिलाएं हरे रंग के परिधान पहनकर महोत्सव को एकजुट होकर मनाती हैं. सावन महोत्सव महिलाओं के लिए न सिर्फ धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव है, बल्कि यह उनके जीवन में उमंग और खुशियों की बहार लाने वाला पर्व भी है. यह उनकी आंतरिक और बाहरी सुंदरता का प्रतीक है, जो हरियाली और ताजगी से परिपूर्ण होता है. सचिव आशीष कुमार बरनवाल ने बताया कि 20 अगस्त के बाद महिलाओं और 15 वर्ष से 25 वर्ष तक के नवयुवकों के लिए अलग अलग संगठन बनाया जाएगा जिसके लिए बहुत ही जल्द बैठक कर विचार किया जाएगा। सुनील श्रीवास्तव जी के मधुर और मीठे संगीत ने कार्यक्रम को चार चांद लगा दिया, सभी बरनवाल परिवार उनके द्वारा संगीत प्रस्तुति से बहुत ही आनंदित हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन सुधीर कुमार आर्य ने किया और पूर्व अध्यक्ष राकेश बरनवाल भोटे जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सभी बरनवाल परिवारों ने स्वादिष्ट भोजन कर अपने अपने घर के लिए प्रस्थान किया ।इस कार्यक्रम में बरनवाल युवा मंच के सभी सदस्य अपने पूरे परिवार के साथ उपस्थित हुए।

## देहरादून में हुए नमामि गंगे बेसिन पंचायत प्रतिनिधियों के तीन दिवसीय कार्यशाला में चंपारण के दो प्रतिनिधि हुए सम्मानित

**प्रात: किरण, संवाददाता**

बगहा। उत्तराखण्ड के देहरादून में हुए तीन दिवसीय नमामि गंगे बेसिन के ग्रामप्रधान एवम पंचायत प्रतिनिधियों के परामर्श कार्यशाला में चंपारण के दो मुखिया प्रतिनिधि सम्मानित किए गए। सन्तपुर सोहरिया पंचायत के रमेश महतो और मदनपुर बेलहवा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जावेद आलम को कार्यक्रम के दौरान प्रशस्त्री पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया ।बतादें की इस कार्यशाला में चम्पारण के दो और बिहार से कुल 6 प्रतिनिधियों को पंचायत में नमामि गंगे के तहत बेहतरीन कार्य करने और सामाजिक जागरूकता के उत्थान के लिए चयनित कर देहरादून में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के लिए आमंत्रित किया गया था ।सन्तपुर सोहरिया के मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो ने बताया कि देहरादून में चम्पारण से दो समेत बिहार से कुल 6 लोग और पूरे देश से लगभग 70 से 80 ग्रामप्रधान एवम मुखिया प्रतिनिधि तीन दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए ।बतादें,यह कार्यशाला 31 जुलाई से 2 अगस्त तक देहरादून में स्थानीय नियोजन में जैव विविधता का एकीकरण नाम से आयोजित किया गया।

## विद्यालय में हुआ भोजन का आयोजन

**प्रात: किरण, संवाददाता**

रिविलगंज ।स्थानीय महर्षि गौतम ऋषि संस्कृत मध्य विद्यालय, रिविलगंज में सोमवार को पीएम पोषण योजना कार्यक्रम में भोजन का आयोजन किया गया बिहार सरकार के मध्याह भोजन योजना के तहत विशेष एवं पौष्टिक भोजन पूरी दुनिया खीर सब्जी आदि खिलाया गया प्रखंड मध्ययह भोजन पदाधिकारी गौतम प्रसाद ,प्रधानाध्यापक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को विद्यालय से जोड़ने और जागरूक करने की सरकार द्वारा पीएम पोषण योजना अंतर्गत विशेष एवं पौष्टिक भोजन कराया जा रहा है बच्चे पूरी बुनिया खाकर हर्षित दिखे इस विशेष तिथि को विद्यालय में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों को भी बुलाया गया अभिभावकों को एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की बच्चों को नियमित स्कूल भेजें सरकार छात्र छात्राओं की अच्छी एवं गुन्नता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है मौके पर वार्ड पार्षद किशोर कुमार सिंह पप्पू प्रखंड उप प्रमुख अश्वनी कुमार यादव उर्फ राजीव राय ,वार्ड परिषद राम बाबू राय डाटा ऑपरेटर सुधीर जी, शिक्षिका कुमारी प्रीति ,शिक्षक जनक माझी, आलोक कुमार ,शोभा देवी रितेश रंजन आदि उपस्थित थे

## सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रात: किरण, संवाददाता**

परसा ।वरीय अधिकारी निर्देश पर सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा एक जाती को गाली देकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया था.जिसकी थानाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में वायरल वीडियो का जांच पड़ताल किया गया जांच पड़ताल में पाया गया कि स्थानीय थाना क्षेत्र के दिघरा गांव निवासी राम ईश्वर राय के पुत्र अंकित यादव बिहारी द्वारा वीडियो वायरल किया था। पुलिस ने करवाई करते हुए दिघरा गांव से युवक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया. इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि फेसबुक इंस्टाग्राम ऐसे सोशल साइट पर किसी विषय से व्यक्ति को गाली देकर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था ।अधिकारी के निर्देश पर करवाई करते हुए संलिप्त युवक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

## चारो तरफ हर शिवालयों में गुजा हर हर महादेव का जयघोष,लोग भांग धतूरा फल गंगाजल अर्पण कर शिव का किया आराधना

**प्रात: किरण, संवाददाता**

अमनौर सावन के तीसरी सोमवारी पर हर शिवालय में शिव भक्तों की उमरी भारी भीड़ ।अहले सुबह से लोग भांग धतूरा फूल गंगाजल लिए कतार में खड़े दिखे। हर हर महादेव का जाप करते शिवालय में जलाभिषेक किया ।लड़कियों व महिलाओं की तादाद अधिक थी ।हर हर महादेव के जयघोष के साथ घण्टी के टुन टुन आहट से भक्ति की बयार बह रही थी ।सबसे ज्यादा अपहर के गैरी शिव मंदिर में भक्तो की भीड़ थी ।माना जाता है कि अपहर के गौरी शंकर शिव मंदिर ऐतिहासिक व पैराणिक है ।इस मंदिर का निर्माण अकबर के समय काल मे हुआ था ।जहाँ टोडरमल के बनाये नक्शा पर भी यह मंदिर अंकित था ।यहां स्थापित शिव लिंग दरभंगा महाराज के राज्य से लोगो ने अपहरण कर यहां लाकर स्थापित किया है ।इस मंदिर के नाम से इस गांव का नाम अपहर हुआ ।दरभंगा महाराज के तहशीलदार के रूप में यहाँ के हरिनंदन सहाय कार्य करते थे ।राज दरवार में कुछ ऋषि महर्षि यह शिव लिंग लेकर आये तथा दरभंगा महाराज से राज्य में स्थापित कराने का आग्रह किया ।उनका तथ्य था कि शिव लिंग के राज्य में स्थापना से यहां भुखमरी प्राकृतिक आपदा महामारी नही होगी ।यह सुन हरिनंदन सहाय उसी रात यह शिव लिंग को हाथी पर अपहरण कर यहां छुपा दिए ।कुछ दिन के बाद यहां एक मंदिर का निर्माण कर शिव लिंग स्थापित कर दी गई ।इसके पूर्व यह गांव विश्वम्भर के नाम से जाना जाता था ।मन्दिर के निर्माण के बाद इस गांव नाम अपहर हुआ। सावन के तीसरी सोमवारी पर यहां हजारो की तादाद में भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी ।इस मंदिर परिसर में दो दो शिव लिंग स्थापित है ।एक शिव लिंग में एक साथ माता पार्वती व शिव का उभरा हुआ चित्र दिखता है ।लोगो का कहना है जो भक्त सच्ची हृदय से जलाभिषेक करते है गौरी शंकर यहां भक्तो की हर मुराद पूरी करते है ।यहां दूर दूर से चलकर लोग इनका दर्शन करने आते है।

## गुड्डू कुशवाहा फौजी को जिला प्रधान महासचिव बनाया

**प्रात: किरण, संवाददाता**

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति जनजाति एवम अल्पसंख्य महासंघ बिहार इकाई संगठन की प्रथम बैठक पटना के होटल तुलसी हॉल में सम्पन्न हुई सभा की अध्यक्षता प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमती आशा चंद्रा ने किया संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष महिला हीरामणि तांती ने किया, कार्यक्रम का सह संचालन कर्ता श्याम नंदन कुमार यादव, राष्ट्रीय महासचिव ने किया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती डा उर्मिला ठाकुर सदस्य बिहार विधान परिषद, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ई अजय कुमार यादव प्रदेश अध्यक्ष, डा गीता गंगोत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला, श्रीमती अंजनी रंजन यादव, प्रदेश अध्यक्ष महिला ऑल इंडिया यादव महासभा बिहार,डा रितु रंजन जी, मानवाधिकार नेत्री, डा उषा कुमारी चिकित्सक सह कवियत्री, डा अशोक कुमार यादव, सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे वही प्रदेश अध्यक्ष ई अजय कुमार के हाथों गुड्डू कुशवाहा फौजी को सारण जिला प्रधान महासचिव बनाया गया और न्योति पत्र प्रदान किया गया जिसको लेकर माँझी प्रखंड सहित क्षेत्र में खुशी की लहर ब्याप्त है ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 06 अगस्त, 2024






# भाई विक्की की सफलता देख खुश हैं सनी

तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और सनी कौशल की आगामी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा दर्शकों के बीच खूब चर्चा में बनी हुई है। निर्माताओं ने हाल ही में, फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद लोगों का उत्साह और बढ़ गया है। अब हाल ही में, विक्की कौशल के भाई सनी कौशल ने भाई विक्की कौशल के स्टारडम की तारीफ की है और बताया कि विक्की की सफलता देख उन्हें बहुत खुशी होती है। विक्की कौशल ने बैड न्यूज के साथ अपने करियर की शानदार ओपनिंग दी है। इस फिल्म में अभिनेता के साथ तृप्ति डिमरी और एमी विर्क भी थे। फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिला। कई लोगों ने विक्की के अभिनय की भी खूब तारीफ की है। अब भाई सनी कौशल ने विक्की की तारीफों के पुल बांधे है और बताया कि वह विक्की की सफलता देख काफी खुश हैं। अभिनेता ने कहा, यह माहौल वाकई बहुत अच्छा है। जब आपके आस-पास के लोग अपने जीवन में अच्छा कर रहे होते हैं और वही कर रहे होते हैं, जो उन्हें पसंद है। तो यह देखकर काफी अच्छा लगता है। जब उन्हें वह तारीफें मिलनी शुरू होती है तो यह बेहद खास होता है। मैं बस इतना ही कह सकता हूं। अब कृपया मेरी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा देखें। हसीन दिलरुबा की पहली किस्त के बारे में सनी ने कहा, सच तो यह है कि मुझे शर्म आती है कि मैंने अभी तक फिल्म नहीं देखी है। मैंने उनसे वादा किया है कि दूसरे भाग के रिलीज होने से पहले मैं इसे पूरा कर लूंगा। फिर आई हसीन दिलरुबा कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित और सह-निर्मित है। यह जयप्रद देसाई द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म 9 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# नितेश तिवारी की रामायण में कुणाल कपूर की एंट्री, बनेंगे इंद्रदेव



नितेश तिवारी की मेगा बजट फिल्म रामायण को लेकर क्रेज लगातार बढ़ता ही जा रहा है। लगभग हर दिन इस फिल्म से जुड़ा कोई न कोई अपडेट सामने आ रहा है, जो फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ा रहा है। रामायण में रणबीर कपूर, साई पल्लवी, लारा दत्ता, यश, सनी देओल और अरुण गोविल जैसे सितारे हैं। इसी बीच अब इस फिल्म में एक्टर कुणाल कपूर की एंट्री भी हो गई है। खबर है कि वह इस फिल्म में इंद्रदेव का किरदार निभाएंगे। कुछ दिन पहले ही ऐसी खबर आई थी कि कुणाल कपूर रामायण का हिस्सा होंगे, हालांकि तब यह पता नहीं चल पाया था कि उनका रोल क्या होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, कुणाल कपूर रामायण में देवराज इंद्र के किरदार में होंगे। कुणाल ने इस रोल के लिए तैयारी करनी भी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि कुणाल अपने किरदार के लिए न सिर्फ रिहर्सल कर रहे हैं, बल्कि कॉस्ट्यूम के लिए भी ट्राई कर रहे हैं। हालांकि, मेकर्स ने कुणाल कपूर के इंद्र के रोल से जुड़ी हर डिटेल को सीक्रेट रखा है। यहां तक कि उन्होंने कन्फर्म भी नहीं किया है कि कुणाल इंद्र का किरदार निभा रहे हैं या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, रामायण और इसकी कास्ट की अनाउंसमेंट या तो दिवाली के मौके पर की जाएगी या फिर दशहरा पर।



# सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री नहीं बनना चाहतीं तापसी

तापसी पन्नू की इस महीने साथ में दो फिल्में रिलीज होगीं। वह अपनी आगामी फिल्म खेल खेल में और फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्होंने हाल ही में कहा कि उन्हें ज्यादा भुगतान पाने वाली अभिनेत्री नहीं बनना है। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म खेल खेल में और फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक महीने में अभिनेत्री की दो फिल्में रिलीज हो रही हैं। तापसी से हाल ही में एक बातचीत में पूछा गया कि क्या उन्हें काम इसलिए नहीं मिला क्योंकि उन्होंने इंडस्ट्री के हिसाब से ढलने के बजाय अपना रास्ता खुद बनाया। इसपर उन्होंने कहा कि उन्हें ज्यादा भुगतान पाने वाली अभिनेत्री नहीं बनना है। अभी जीवन का अंत नहीं है।

**खुद की तरह जीना चाहती हैं तापसी**

तापसी पन्नू ने कहा, कोई बात नहीं, यह अभी भी जीवन का अंत नहीं है। मुझे लगता है और मैंने हमेशा कहा है कि जीवन बहुत सीमित है। मैं किसी और की तरह नहीं जीना चाहती। मैं खुद की तरह जीना चाहती हूं। ज्यादा से ज्यादा क्या होगा? मैं सबसे ज्यादा भुगतान पाने वाली अभिनेत्री नहीं बनूंगी। मुझे सबसे ज्यादा भुगतान पाने वाली अभिनेत्री नहीं बनना है। अभी मेरा जितना चल रहा है, मेरी किचन उससे चल रही है।

**अक्षय कुमार की ये बात लगी अच्छी**

उन्होंने आगे कहा, अक्षय सर के एक इंटरव्यू की हेडलाइन पढ़ रही थी, मुझे वह बहुत अच्छी लगी। उन्होंने कहा कि जब मैं ऐसी बातें सुनता हूं, तो मुझे ऐसा लगता है जैसे मैं एक घोड़ा हूं। महा लक्ष्मी रेस कोर्स में दौड़ना है। अभिनेत्री ने कहा, मेरी जिंदगी में हमेशा नंबर वन पर हूं, क्योंकि मैं अकेली भाग रही हूं और मैं वही रहूंगी।

## खेल खेल में में अक्षय के साथ दिखेंगी तापसी

तापसी पन्नू जल्द ही अक्षय कुमार के साथ फिल्म खेल खेल में में नजर आएंगी। इस फिल्म में अक्षय और तापसी के अलावा वाणी कपूर, फरदीन खान और एमी विर्क जैसे सितारे दिखाई देंगे। बीते दिन इस कॉमेडी फिल्म का मजेदार ट्रेलर रिलीज हुआ है। यह फिल्म 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# मैं हार मानती हूं, लेकिन कहानी यही खत्म नहीं होती

सामंथा रुथ प्रभु अक्सर अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रशंसकों के बीच छाई रहती हैं। वह कभी अपनी फिल्मों और करियर पर लिखती हैं। इन दिनों अभिनेत्री अपनी आने वाली सीरीज सिटाडेल- हनी बनी को लेकर काफी सुर्खियों में चल रही हैं। इसी बीच अब अभिनेत्री ने जीवन में चुनौतियों से निपटने के बारे में बात की और बताया कि कहानी यहीं खत्म नहीं होती है। अपने निजी जीवन में कई असफलताओं का सामना करने के बावजूद हमेशा बेहतर तरीके से उभरने वाली सामंथा ने हाल ही में, अपनी आगामी सीरीज सिटाडेल- हनी बनी के प्रचार के लिए मीडिया से बातचीत की। इस दौरान अपने जीवन में उतार-चढ़ाव से निपटने के बारे में बात की और अपने इसके साथ ही अपने फैंस का उत्साह भी बढ़ाया। हाल ही में, एक इंटरव्यू सामंथा रुथ प्रभु से पूछा गया कि वह कैसे अपने जीवन के कई उतार-चढ़ावों से उबरकर मजबूती से उभरती हैं और कभी हार नहीं मानती हैं। इस पर अभिनेत्री ने कहा, मैं हार मान लेती हूं। मैं आपको यह नहीं बता सकती कि मैं हार नहीं मानती, लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती। मैं फिर से ऊपर उठती हूं। पिछले दिनों सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो साझा किया था, जो उनके फैंस को काफी पसंद भी आई थी, उसी के बारे में बताते हुए अभिनेत्री ने कहा, मुझे यह साझा करना पड़ा क्योंकि यह बहुत अच्छी सुबह थी और मैंने एक ऐसे व्यक्ति से यह लाइन सुनी थी, जिसका मैं सच में सम्मान करती हूं। उन्होंने आगे कहा, आप अपनी किस्मत उसी में पाएंगे, जो आपको परेशान करता है। सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही राज एंड डीके की वेब सीरीज सिटाडेल में नजर आएंगी। इसमें वे वरुण धवन के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। यह इसी नाम से बनी अंग्रेजी सीरीज का रुपांतरण है। सामंथा ने इस एक्शन पैक सीरीज के लिए विशेष ट्रेनिंग ली।



# कंगना रनौत बेच रहीं अपना मुंबई वाला घर

**कंगना ने जबसे राजनीति में एंट्री की है तब से वह किसी न किसी वजह को लेकर चर्चा में बनी ही रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस को लेकर नई खबर सामने आई है। कहा जा रहा है कि कंगना रनौत अपना मुंबई वाला घर बेचने जा रही हैं।**

कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वह अपना बांद्रा के पाली हिल वाला घर बेचने जा रही हैं। इस घर में ही उनके प्रोडक्शन हाउस- मणिकर्णिका फिल्म्स का ऑफिस भी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंगना रनौत अपना यह घर 40 करोड़ रुपए में बेच रही हैं। यह अटकलें तब उड़ीं जब कोड एस्टेट नाम के एक यूट्यूब चैनल ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें दावा किया गया कि एक कंगना घर और प्रोडक्शन हाउस का ऑफिस बिकाऊ है। हालांकि, अब तक एक्ट्रेस ने इन खबरों पर किसी तरह की पुष्टि नही की है।





# बिग बॉस ओटीटी 3 की ट्रॉफी जीत शादी रचाने को तैयार सना मकबूल

बिग बॉस ओटीटी 3 के ग्रैंड फिनाले के बाद सना मकबूल अपने प्रेमी श्रीकांत बुरेड्डी के साथ घर लौटीं। वहीं, अब जोड़े की शादी पर आया बड़ा अपडेट प्रशंसकों को गदगद कर रहा है। अनिल कपूर द्वारा होस्ट किए गए बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में सना मकबूल ने ट्रॉफी उठाई। साथ ही उन्होंने 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार जीता। बिग बॉस ओटीटी 3 के ग्रैंड फिनाले के बाद सना मकबूल अपने प्रेमी श्रीकांत बुरेड्डी के साथ घर लौटीं। इस दौरान पैपराजी ने उन्हें कैप्चर किया। श्रीकांत ने भी बातचीत में कुछ ऐसा कह दिया जिससे सना के प्रशंसक खुश हो उठे। श्रीकांत के बयान से साफ हो गया है कि जोड़ा जल्द ही ब्याह रचाने की तैयारी कर रहा है।

एक वीडियो में श्रीकांत ने सना मकबूल की बड़ी जीत के बारे में बात की और अपने रिश्ते की पुष्टि भी की। उनसे अगले दो महीनों में उनकी शादी की अफवाहों के बारे में भी सवाल किया गया। श्रीकांत ने सना की तारीफ करते हुए कहा, उन्होंने बेहद गरिमा के साथ गेम खेला। इसके बाद उनसे सवाल किया गया, दो महीने में शादी होने वाली है, क्या कहना है? पैपराजी के सवाल पर श्रीकांत बुरेड्डी ने जवाब दिया, सब पता चलेगा धीरे-धीरे, दो महीने में नहीं होगी शादी, लेकिन होगी जरूर। पक्की हो जाएगी शादी, सबको बुलाएंगे। इसमें समय लगेगा लेकिन शादी जरूर होगी। श्रीकांत एक बिजनेसमैन हैं, जो वैल्यूलीफ के संस्थापक हैं। यह एक एजेंसी है जो ब्रांड व्यवसाय और उनकी आवश्यकताओं से संबंधित है। वह व्यक्तिगत ऋण एकत्रीकरण मंच, बडीलोन के संस्थापक भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सना इसकी ब्रांड एंबेसडर हैं।

## कई अवसर पर साथ दिखा है जोड़ा

जानकारी के अनुसार, दोनों काफी समय से रिलेशनशिप में हैं और इसे लेकर हमेशा निजी रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी में सना के खेल के दौरान, दोनों के कई वीडियो वायरल हुए, जिससे उनके डेटिंग की अफवाहें उड़ीं। इससे पहले भी सना मकबूल के बर्थडे सेलिब्रेशन का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें दोनों को गले मिलते और किस करते हुए देखा गया। जन्मदिन समारोह में शिव ठाकरे, अर्जुन बिजलानी, एली गोनी और अन्य सहित कई हस्तियां शामिल हुई थीं।



# मुझे राम से ज्यादा रावण पसंद है

**जाने-माने डायरेक्टर एस एस राजामौली अपनी बेहतरीन और बड़े बजट की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने बतौर निर्देशक 'मगधीरा' से करियर की शरुआत की थी और अपने करियर में अभी तक 'बाहुबली' जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। उनकी फिल्में 1000 करोड़ से ज्यादा का कमाने वाली फिल्में रही हैं**

फिल्मों के साथ-साथ राजामौली अक्सर अपने स्टेटमेंट को लेकर भी चर्चा में रहे हैं। ऐसे में अब एक बार फिर से वो अपने बयानों को लेकर हेडलाइन्स में हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि वो भगवान राम से ज्यादा रावण को पसंद करते हैं। उन्होंने इसकी चर्चा फिल्म के विलेन के कैरेक्टर के बारे में बात करते हुए की।

दरअसल, एस एस राजामौली इन दिनों नेटफ्लिक्स की डॉक्यूमेंट्री 'मॉडर्न मास्टर्स' को लेतर चर्चा में हैं। इसे हाल ही में रिलीज किया गया है।

इसे दर्शकों की ओर से पॉजिटिव रिस्पांस मिल रहा है। इसी फिल्म की रिलीज के बीच डायरेक्टर का एक बयान तेजी से वायरल हो रहा है। इसे सुनकर हर कोई दंग रह गया है।

सोशल मीडिया पर लोग इसे अलग खूब रिएक्शन दे रहे हैं और निर्देशक से काफी नाराज दिखे हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में राजामौली ने कहा कि बचपन में किताबों में पढ़ा था कि पांडव अच्छे थे और कौरव बुरे थे। उनका मानना है कि इसी तरह से किताबों में भगवान राम को भी अच्छा बताया गया है और रावण को बुरा। डायरेक्टर ये भी कहते हैं कि जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता जाता है कि उसके बारे में वो और अधिक पढ़कर जानकारी लेता है तो ये एकदम उलट हो जाता है।

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए राजामौली ने कहा कि उनको लगता है कि वो भगवान राम से ज्यादा रावण को पसंद करते हैं।

उनका मानना है कि वो विलेन काफी पावरफुल पसंद करते हैं और रावण का किरदार भी उन्हें इसलिए ही ज्यादा पसंद आया है। राजामौली को लगता है कि एक फिल्म में विलेन इतना ही पावरफुल होना चाहिए, जिसे हराना काफी मुश्किल हो।

अब उनका ये बयान काफी वायरल हो रहा है। लोग इसका विरोध कर रहे हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए बड़ी खबर, फ्रंट-रनिंग, इनसाइडर ट्रेडिंग के बदले नियम

**नईदिल्ली एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड मानदंडों में संशोधन किया है। इसके तहत एसेट मैनेजमेंट कंपनियां (एएमसी) सिक्योरिटीज में 'फ्रंट-रनिंग' और इनसाइडर ट्रेडिंग की पहचान करने और रोकने के लिए एक संस्थागत तंत्र स्थापित करेंगी। इसके अतिरिक्त एएमसी का प्रबंधन संस्थागत तंत्र की स्किल सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। नियामक ने एएमसी को व्हिसल-ब्लोअर सिस्टम बनाने का भी निर्देश दिया है। सेबी का यह निर्णय एक्सिस एएमसी और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) से जुड़े फ्रंट रनिंग मामलों के संबंध में 2 ऑर्डर पारित करने के बाद आया है। सेबी ने नोटिफिकेशन में कहा- एसेट मैनेजमेंट कंपनियां बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट संस्थागत तंत्र स्थापित करेंगी ताकि सिक्योरिटिज में फ्रंट-रनिंग और इनसाइडर ट्रेडिंग सहित संभावित बाजार दुरुपयोग की पहचान और रोकथाम की जा सके। नोटिफिकेश के अनुसार मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) या प्रबंध निदेशक या समकक्ष पद का कोई अन्य व्यक्ति और एसेट मैनेजमेंट कंपनी का मुख्य अनुपालन अधिकारी ऐसे संस्थागत तंत्र के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार, जवाबदेह होंगे।

### रिफंड क्लेम नहीं कर रहे सहारा के निवेशक, अब एक्शन मोड में सरकार, हो रही जांच



**नईदिल्ली एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि 'सीरियस फंड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस' (एसएफआईओ) सहारा समूह की कंपनियों से संबंधित मामले की विस्तृत जांच कर रहा है और इसकी रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीतारमण ने यह भी कहा कि सहारा समूह के पूरे मामलों की निगरानी उच्चतम न्यायालय द्वारा की जा रही है और सरकार उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार काम कर रही है। उन्होंने कहा, ''यह सच है कि केवल छोटे निवेशक ही रिफंड का दावा करने के लिए आगे आए हैं। एसएफआईओ पूरे मामले की जांच कर रहा है। यह भी देख रहा है कि सभी निवेशक रिफंड का दावा करने के लिए आगे क्यों नहीं आए और वे कहां हैं।'' मंत्री ने कहा कि एसएफआईओ के विस्तृत विश्लेषण के बाद पूरी तस्वीर साफ हो जायेगी और कार्रवाई की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि सहारा समूह की कंपनियों में 3.7 करोड़ निवेशक हैं और अब तक 19,650 लोग रिफंड का दावा करने के लिए आगे आए हैं। उनके मुताबिक, इन दावों में से 17,250 दावों का निपटारा कर दिया गया जबकि बाकी आवेदकों को और कागजात उपलब्ध कराने के लिए कहा गया ताकि उनके दावों का निपटारा किया जा सके। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार चाहकर भी सहारा समूह की कंपनियों के मामले में कुछ नहीं कर सकती क्योंकि हर चीज की निगरानी उच्चतम न्यायालय द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा, ''हम उच्चतम न्यायालय को लगातार रिपोर्ट कर रहे हैं।

# कामयाबी: न्यूरालिंक की ब्रेन चिप का दूसरा ट्रांसप्लांट पूरा, एलन मस्क बोले- अब आठ मरीजों का करेंगे प्रत्यारोपण

**नईदिल्ली एजेंसी।** एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक की ब्रेन चिप का दूसरा ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक पूरा हो गया। इसे लेकर कंपनी के मालिक एलन मस्क ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि दूसरा ट्रांसप्लांट बेहद अच्छे तरीके से काम कर रहा है। अब हम 2024 में आठ और मरीजों का प्रत्यारोपण करेंगे।

न्यूरालिंक मस्क का ब्रेन टेक्नोलॉजी स्टार्टअप है। न्यूरालिंक का मकसद उन मरीजों को भी काबिल बनाना है जो पूरी तरह से कुछ भी करने में अक्षम हैं। न्यूरालिंक के चिप की मदद से इंसान सिर्फ सोचकर कई सारे काम कर सकता है और उसकी सोच को कंप्यूटर पर देखा जा सकता है। कंपनी अपने मरीजों पर न्यूरालिंक का ट्रांसप्लांट



कर रही है। ट्रांसप्लांट के बाद पहला मरीज नोलैंड अर्बांग वीडियो गेम खेल रहा है। इंटरनेट चलाने, सोशल मीडिया पोस्ट और लैपटॉपर कर्सर घुमा रहा है।

एलन मस्क ने कहा कि शुरुआत में अर्बांग को सर्जरी के बाद समस्याओं का सामना करना पड़ा था। उनके इंप्लांट के तार पीछे हट गए थे। इससे दिमाग के संकेतों को मापने वाले इलेक्ट्रोड में कमी आई थी। इसे न्यूरालिंक ने सही किया और अब यह ठीक से काम कर रहा है। इस बीच न्यूरालिंक ने दूसरे मरीज में ब्रेन चिप का ट्रांसप्लांट किया। एलन मस्क ने बताया कि दूसरे मरीज की रीढ़ की हड्डी में पहले मरीज जैसी चोट थी। दूसरे मरीज के दिमाग पर इंप्लांट के 400 इलेक्ट्रोड काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूसरा इंप्लांट अच्छे से काम कर रहा है। कई सारे सिग्नल और इलेक्ट्रोड के साथ यह बेहतर कर रहा है।

### कैसे काम कर रही तकनीक

जब इस पूरे प्रोजेक्ट पर काम हो रहा था तब एलन मस्क ने बताया था कि न्यूरालिंक दो उपकरण तैयार कर रही है। पहली सिक्के के आकार की एक चिप है, जिसे इंसान के सिर में लगाया जाएगा। इससे बालों से भी पतले तार निकलेंगे जिनमें लगे 1024 इलेक्ट्रोड दिमाग के अलग-अलग हिस्सों तक जाएंगे। इनसे मिला डेटा चिप के जरिए कंप्यूटर्स तक जाएगा। फिर शोधकर्ता इसका अध्ययन करेंगे।इस चिप के अलावा, एक रोबॉट होगा जो एक सुई की मदद से न्यूरालिंक चिप से निकलने वाले तार इंसान के दिमाग में सिलेगा। मस्क का कहना है कि यह प्रक्रिया ऌस्ब्ष्ट सर्जरी जितना आसान होगा।

# अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी छोड़ेंगे कुर्सी

**70 साल की उम्र में रिटायर होने का बनाया प्लान**

### परिवार के सदस्यों को सौंपेंगे अपना साम्राज्य

**नईदिल्ली एजेंसी।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने हाल ही में अपने 213 अरब डॉलर के कारोबारी साम्राज्य के लिए उत्तराधिकार की रणनीति साझा की है। एक साक्षात्कार में अदाणी ने बताया कि वे 70 साल की उम्र में सेवानिवृत्त होने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह फैसला अगली पीढ़ी को नेतृत्व की बागडोर सावधानीपूर्वक सौंपने के लिए मंच तैयार करेगा।

भारतीय अरबपति गौतम अदाणी ने ब्लूमबर्ग से बातचीत के दौरान दीर्घकालिक व्यापार स्थिरता के लिए उत्तराधिकार योजना के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि उनकी उत्तराधिकार योजना एक दशक पहले ही अमल में आ गई थी। उन्होंने साक्षात्कार में खुलासा किया कि अदाणी समूह का



भविष्य उनके बेटों, करण और जीत अदाणी और उनके चचेरे भाई, प्रणव और सागर अदाणी के हाथों में होगा। परिवार की ट्रस्ट में एक समान हिस्सेदारी रखी जाएगी। अदाणी ने कहा, उत्तराधिकार की मेरी योजना लगभग एक दशक पहले शुरू हुई थी और मैंने धीरे-धीरे हमारी अगली पीढ़ी प्रणव, करण, सागर और अब जीत को शामिल किया।

अदाणी के बेटे और उनके चचेरे भाई पहले से ही कंपनी के भीतर महत्वपूर्ण भूमिकाओं में सक्रिय रूप से शामिल हैं। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी लॉजिस्टिक्स और पोर्ट ऑपरेशंस की देखरेख करते हैं। जीत अदाणी जो गौतम अदाणी के छोटे बेटे हैं, समूह के डिजिटल उपक्रमों और भारत के सबसे बड़े निजी हवाई अड्डा नेटवर्क का प्रबंधन करते हैं। प्रणव अदाणी समूह के कृषि और तेल क्षेत्रों से जुड़े कारोबार का नेतृत्व करते हैं, जबकि सागर अडानी ऊर्जा व्यवसाय और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। अदाणी ने अपने उत्तराधिकारियों के बारे में कहा कि विकास के लिए उनके उत्साह और एक साथ काम करने की उनकी तत्परता के कारण मेरा उनपर विश्वास पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि उन सभी में आगे बढ़ने की भूख है, जो दूसरी पीढ़ी में आम नहीं है। उन्होंने अदाणी विरासत की निरंतरता और सफलता सुनिश्चित करने के लिए उनके सहयोगी प्रयास के महत्व पर जोर दिया। अदाणी ने समूह के अहमदाबाद मुख्यालय में ब्लूमबर्ग से कहा, व्यावसायिक स्थिरता के लिए उत्तराधिकार बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, मैंने दूसरी पीढ़ी के लिए विकल्प छोड़ दिया है क्योंकि बागडोर स्थानांतरण जैविक, क्रमिक और बहुत व्यवस्थित होनी चाहिए।

# भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर में जुलाई में मामूली गिरावट, पीएमआई के आंकड़े जारी



**नईदिल्ली एजेंसी।** भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि जून की तुलना में जुलाई में थोड़ी धीमी रही। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.3 रही जबकि जून में यह 60.5 थी। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' जुलाई में सेवा क्षेत्र की गतिविधि थोड़ी धीमी गति से बढ़ी, नए कारोबार में और वृद्धि हुई जो मुख्य रूप से घरेलू मांग से प्रेरित रही। सेवा कंपनियां आने वाले वर्ष के लिए आशावादी हैं।'' सितंबर 2014 में इस सर्वेक्षण की शुरुआत के बाद से नए निर्यात ठेकों में तीसरी सबसे तेज वृद्धि हुई है, जिसका कारण दुनिया भर से भारतीय सेवाओं की मांग में वृद्धि है। निर्यात ठेकों की प्रमुख मांग ऑस्ट्रिया, ब्राजील, चीन, जापान, सिंगापुर, नीदरलैंड और अमेरिका से रही। सर्वेक्षण में कहा गया, अनुकूल आर्थिक स्थिति और उत्पादन के प्रति आशावादी उम्मीदों ने सेवा कंपनियों में भर्ती को बढ़ावा दिया। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स जुलाई में 60.7 रहा, जो जून में 60.9 था।

# हड़कंप के बीच सुजलॉन एनर्जी के शेयर ने रचा इतिहास, खरीदने की लूट, 71 पर आया भाव

**नईदिल्ली एजेंसी।** अमेरिकी अर्थव्यवस्था में नरमी और विदेशी पूंजी की निकासी के बीच सोमवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट दर्ज की गई। इस बीच, सोमवार को सुबह के सेशन में सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में जबरदस्त खरीदारी देखी गई। आज, बीएसई पर सुजलॉन के शेयर 71.75 प्रति शेयर के इंट्राडे उच्चतम स्तर को टच कर गए। यह इसका 52 वीक का हाई प्राइस है। सुजलॉन एनर्जी शेयरों के आउटलुक पर चॉइस ब्रोकिंग के कार्यकारी निदेशक सुमीत बगाड़िया ने कहा, सुजलॉन का शेयर तकनीकी चार्ट पर एक नया ब्रेकआउट देने के कगार पर है। सुजलॉन का शेयर प्राइस आज 72 प्रति शेयर पर एक नया ब्रेकआउट देने में विफल रहा, लेकिन स्टॉक को निचले स्तरों पर समर्थन मिल रहा है, जो सराहनीय है। इसलिए, सुजलॉन के शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे 65 पर स्टॉप लॉस बनाए रखें, क्योंकि 72 प्रति




शेयर पर ब्रेकआउट देने पर स्टॉक 80 तक पहुंच सकता है। नए निवेशकों को सुझाव पर सुमीत बगाड़िया ने कहा, नए निवेशक मौजूदा स्तर पर सुजलॉन के शेयर खरीद सकते हैं और स्टॉक 60 से ऊपर होने तक खरीदारी पर गिरावट बनाए रख सकते हैं। ताजा निवेश के बाद स्टॉक अल्पावधि में 80 रुपये के स्तर को छू सकता है। रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी सुजलॉन ग्रुप का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में लगभग तीन गुना होकर 302 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उसके लाभ में यह वृद्धि ज्यादा आमदनी के कारण हुई है।

# 7.2% की दर से बढ़ेगी देश की इकोनॉमी, डेलॉइट इंडिया का अनुमान, सरकार के प्रयास का दिखेगा असर!

**नईदिल्ली एजेंसी।** आर्थिक मोर्चे पर भारत के लिए अच्छी खबर है। डेलॉयट इंडिया ने सोमवार को कहा कि मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे और घरेलू नीति सुधारों में निरंतरता से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था 7 से 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। डेलॉयट के अगस्त महीने के भारत इकोनॉमी आउटलुक के अनुसार, केंद्रीय बजट 2024-25 में कृषि उत्पादकता में सुधार, युवाओं के लिए रोजगार सृजन, विनिर्माण तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए वित्त तक पहुंच की चुनौती का समाधान करने की दिशा में की गई कई पहलों से आपूर्ति पक्ष की मांग में सुधार, मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

### क्या है डिटेल

डेलॉइट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वर्ष के पहले छह महीनों में अनिश्चितता के दौर के बाद भारत दूसरी छमाही में मजबूत वृद्धि दर्ज करेगा। आर्थिक



परिदृश्य रिपोर्ट में कहा गया, मजबूत आर्थिक बुनियाद वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत से 7.2 प्रतिशत के बीच रहेगी। शहरी-ग्रामीण उपभोक्ता व्यय अंतर, मुद्रास्फीति तथा रोजगार संबंधी चिंताओं से प्रभावी ढंग से निटपने से महत्वाकांक्षी ग्रामीण उपभोक्ताओं की सामर्थ्य में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। डेलॉइट इंडिया का वृद्धि अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के बराबर है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। यह वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में लगाए अनुमान से अधिक है, जिसमें जीडीपी विस्तार का अनुमान 6.5 से सात प्रतिशत के बीच लगाया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

# पोको ने पॉवर, स्टाईल और साउंड के बेहतरीन अनुभव के लिए एम6 प्लस 5जी और बड्स एक्स1 लॉन्च किया

**नईदिल्ली एजेंसी।** भारत के कंज़्यूमर टेक स्पेस में तीव्र वृद्धि करते हुए पोको ने आज अपनी एम-सीरीज़ में पोको एम6 प्लस 5जी पेश किया। एम6 प्रो की सफलता को आगे बढ़ाते हुए एम6 प्लस 5जी में रिंग फ्लैश डिज़ाईन के साथ प्रीमियम ग्लास दिया गया है। इसमें 3एक्स इन-सेंसर जूम के साथ 108 मेगापिक्सल का कैमरा और स्नैपड्रैगन 4 जेन2 एई प्रोसेसर है। पोको ने बड्स एक्स1 भी पेश किए हैं, जिनमें 40 डेसिबल का हाईब्रिड एक्टिव नॉईज़ कैंसेलेशन और कस्टमाईज़ेबल ऑडियो सेटिंग्स हैं, जो सुनने का बहुत व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करती हैं। यह स्मार्टफोन प्रबुद्ध और टेकप्रेमी जेन ज़ी ग्राहकों की सभी अपेक्षाओं को पूरा करेगा, जो पॉवर और स्टाईल के साथ बेहतर अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं।

पोको युवाओं, विशेषकर जेन ज़ी को प्रेरित करने और उनके लिए चुनौती का




अपनी अद्वितीय डिज़ाईन फिलॉसफी और उत्पाद की विशेषताओं के साथ उन्हें अतुलनीय अनुभव प्रदान करता है। इस ब्रांड ने अपेक्षाओं को बढ़ाते रहने का मानक स्थापित किया और अत्यधिक किफायती मूल्यों में उत्कृष्टता प्रदान करने के मानक बनाए। पोको एम6 प्लस 5जी और बड्स एक्स1 पेश करके पोको ने लगातार विकसित हो रहे बजट स्मार्टफोन सेगमेंट में असाधारण मूल्य प्रदान करते हुए इनोवेशन और ग्राहक संतुष्टि की अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है।

पोको इंडिया के कंट्री हेड, हिमांशु टंडन ने कहा, ''पोको में हम बेहतरीन परफॉर्मेंस वाले प्रीमियम अनुभव पूरे जनसमूह तक पहुँचाना चाहते हैं। एम-सीरीज़ लगातार अपेक्षाओं को बढ़ाते हुए आई है, और एम6 प्लस 5जी इस परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। एम6 प्लस 5जी और बड्स एक्स 1 को उन लोगों के लिए बनाया गया है, जो जेब पर भार डाले बिना सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस और स्टाईल पसंद करते हैं। हमारा मानना है कि इन उत्पादों के साथ बाजार में एक नई क्रांति आएगी, और इस श्रेणी में फीचर्स के नए मानक स्थापित होंगे।''

पोको एम6 प्लस 5जी में शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 4 जेन 2 एई प्रोसेसर लगा है। यह आधुनिक 5जी चिपसेट अत्याधुनिक 4एनएम प्रक्रिया पर आधारित है, जो एम-सीरीज़ को जबरदस्त परफॉर्मेंस देने में समर्थ बनाती है। यह 2.3 गीगाहर्ट्ज़ तक की अत्यधिक फास्ट क्लॉक स्पीड के साथ काम कर सकता है तथा इसका एंटुटू (वी10) बेंचमार्क स्कोर लगभग 460के है। एम6 प्लस 5जी में मल्टीटास्किंग और सुगम यूज़र अनुभव के लिए यूएफएस 2.2 स्टोरेज और 16जीबी तक की रैम है, जिसमें 8जीबी की वर्चुअल रैम शामिल है। पोको एम6 प्लस 5जी में सेगमेंट का एकमात्र ड्युअल ग्लास डिज़ाईन और एक नई रिंग फ्लैश है। इन विशेषताओं वाला यह अपनी श्रेणी का एकमात्र 5जी फोन है, जिनके द्वारा यह और ज्यादा आकर्षक दिखाई देता है। यह केवल 8.32 मिमी पतला है और इसके साथ कोर्निंग गोरिल्ला ग्लास 3 की सुरक्षा आती है।

# जुलाई में 3.20 लाख गाड़ियों की हुई बिक्री, नई पेशकश और डिस्काउंट ऑफर्स से सेल्स में इजाफा

**नईदिल्ली एजेंसी।** बिजनेस डेस्कः नए मॉडल की पेशकश और बढ़ी हुई छूट से भारत में यात्री वाहनों की रिटेल बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ी। उद्योग निकाय फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अनुसार जुलाई में कुल यात्री वाहन खुदरा बिक्री बढ़कर 3,20,129 इकाई हो गई, जबकि जुलाई 2023 में यह 2,90,564 इकाई थी।

फाडा के उपाध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने कहा, ''डीलरों ने बताया कि उन्हें अच्छे उत्पाद उपलब्ध होने, आकर्षक योजनाओं और उत्पादों की व्यापक श्रृंखला से लाभ मिला है।'' उन्होंने कहा कि भारी बारिश, उपभोक्ता भावना में कमी और तीव्र प्रतिस्पर्धा के कारण चनौतियां उत्पन्न हुई लेकिन



अधिक प्रचार तथा बढ़ी छूट के जरिये बिक्री को बनाए रखने में कामयाबी हासिल हुई। जुलाई में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 14,43,463 इकाई रही, जो जुलाई 2023 में 12,31,930 इकाई थी।

विग्नेश्वर ने बताया कि संपन्न ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सकारात्मक मानसून प्रभाव तथा ग्रामीण आय बढ़ाने वाले सरकारी सहायता कार्यक्रमों से इस क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले महीने सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 80,057 इकाई हो गई। हालांकि, जुलाई में ट्रैक्टर की बिक्री सालाना आधार पर 12 प्रतिशत घटकर 79,970 इकाई रह गई।

# स्वर्ण से दो जीत दूर भारतीय हॉकी टीम

## आज सेमीफाइनल में जर्मनी की चुनौती होगी

**पेरिस (एजेंसी)।** ओलंपिक में 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने की राह पर भारतीय हॉकी टीम के सामने मंगलवार को सेमीफाइनल में विश्व चैम्पियन जर्मनी की चुनौती होगी और इस बाधा को पार करके टीम 'संकटमोचक' पी आर श्रीजेश को शानदार विदाई देने के अपने मिशन की अगला कदम रखेगी। ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 10 खिलाड़ियों तक सिमटने के बावजूद भारतीय टीम ने जिस साहस और कौशल का प्रदर्शन करके मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक खिंचा, वह काबिले तारीफ है।

तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक मैच में जर्मनी की पेनल्टी बचाकर भारत को 41 साल बाद पदक दिलाने वाले नायक श्रीजेश एक बार फिर जीत के सूत्रधार बने। उन्होंने शूटआउट में ब्रिटेन के दो शॉट बचाए और इससे पहले निर्धारित समय के भीतर भी ब्रिटेन ने 28 बार भारतीय गोल पर हमला बोला और 10 पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन महज एक सफलता मिली। 36 वर्ष के श्रीजेश का यह आखिरी टूर्नामेंट है और उन्हें स्वर्ण पदक के साथ विदा करने का मिशन भारतीय टीम के लिए अतिरिक्त प्रेरणा बना है।



**1980 में मॉस्को में जीता था गोल्ड** – भारत ने आठ ओलंपिक स्वर्ण में से आखिरी 1980 में मॉस्को में जीता था और अब पेरिस में उसके पास 44 साल बाद इतिहास रचने का मौका है। सेमीफाइनल जीतने पर भारत का रजत तो पक्का हो जाएगा जो आखिरी बार उसने 1960 में रोम में जीता था। ब्रिटेन के खिलाफ भारत ने करीब 40 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेला क्योंकि अमित रोहिदास को रेडकार्ड दिखाया गया था।

**सेमीफाइनल से बैन हुए अमित रोहिदास की कमी खलेगी** – सेमीफाइनल में भी भारत को अपने नंबर एक फर्स्ट रशर के बिना ही खेलना होगा जिन पर एक मैच का प्रतिबंध लगाया गया है। हॉकी इंडिया ने हालांकि इसके खिलाफ अपील की है। रोहिदास की गैर मौजूदगी भारत को पेनल्टी कॉर्नर में भी खलेगी क्योंकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह के बाद वह भारत के ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ हैं। उनकी गैर मौजूदगी में अब हरमनप्रीत पर अतिरिक्त दबाव रहेगा जो शानदार फॉर्म में हैं और अब तक 7 गोल कर चुके हैं। आधुनिक हॉकी में भारतीय डिफेंस का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था और जैसा कि कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि यह जीत नहीं एक 'स्टेटमेंट'था।

श्रीजेश ने मैच के बाद कहा, 'जब मैं मैदान पर उतरा तो मेरे सामने दो ही विकल्प थे। यह मेरा आखिरी मैच हो सकता था या मेरे पास दो मैच और खेलने के मौके होते। अब मेरे पास दो मैच और खेलने के मौके हैं। हरमनप्रीत ने कहा, 'कुछ चीजें हमारे हाथ में नहीं होती। सेमीफाइनल में अमित का नहीं होना खलेगा लेकिन हमारा फोकस मैच पर और अपने प्रदर्शन पर है। क्वार्टर फाइनल में आखिरी मिनट तक हर खिलाड़ी ने अमित की कमी पूरी करने की कोशिश की।

**भारत-जर्मनी का एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड** – विश्व रैंकिंग और एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड को देखें तो मौजूदा विश्व चैम्पियन और चार बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता जर्मनी और भारत में ज्यादा फर्क नहीं है। जर्मनी विश्व रैंकिंग में चौथे और भारत पांचवें स्थान पर है। क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना को हराने वाली जर्मनी का सामना भारत से तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक के मैच में हुआ था जिसमें भारत ने 5-4 से जीत दर्ज की थी। श्रीजेश ने आखिरी सेकंड में पेनल्टी कॉर्नर बचाया था। ओलंपिक से पहले भारत ने जर्मनी से अभ्यास मैच खेले थे और छह में से पांच जीते। इस साल जून में एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण में भारत ने जर्मनी को 3-0 से हराया लेकिन रिटर्न मैच में 2-3 से हार गए। हरमनप्रीत ने कहा, 'हम जर्मनी से फाइनल में खेलना चाहते थे। हमने टीम बैठकों में भी इस पर बात की थी। वह कठिन प्रतिद्वंद्वी है और उसके खिलाफ मैच आखिरी मिनट तक जाते हैं।% दूसरे सेमीफाइनल में नीदरलैंड का सामना स्पेन से होगा। भारत का मैच रात 10-30 पर खेला जाएगा।

## रोहित शर्मा ने तोड़े द्रविड़-तेंदुलकर के रिकॉर्ड



**कोलंबो (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट में अपना दबदबा जारी रखते हुए श्रीलंका के खिलाफ दूसरे मैच में एक और अर्धशतक जमाया और राहुल द्रविड़ को पछाड़कर देश के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे में 44 गेंदों में 5 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 66 रन बनाए। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 145 से ज्यादा रही। रोहित के नाम अब 264 मैचों में 49.23 की औसत, 92.29 की स्ट्राइक रेट, 31 शतक और 57 अर्द्धशतक के साथ 10,831 रन हो गए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 264 है। जोकि श्रीलंका के खिलाफ आया था।

इसके अलावा एक सलामी बल्लेबाज के रूप में, रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए सबसे अधिक पचास से अधिक स्कोर दर्ज करने के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। 43 शतक और 78 अर्द्धशतक के साथ रोहित ने सलामी बल्लेबाज के रूप में 121 बार 50 से अधिक रन बनाए हैं, जो सचिन (120 बार) से अधिक है। सचिन ने बतौर सलामी बल्लेबाज 45 शतक और 75 अर्द्धशतक लगाए हैं।

इसी तरह रोहित ने किसी मैच के पहले 10 ओवर के भीतर वनडे में चौथा अर्धशतक जमाया। वह वीरेंद्र सहवाग के रिकॉर्ड का पीछा कर रहे हैं, जिन्होंने वनडे मैचों के पहले 10 ओवरों में 7 अर्द्धशतक लगाए थे। रोहित हाल ही में छक्के मारने वाली मशीन बन गए हैं, उन्होंने जनवरी 2023 से एकदिवसीय मैच के पहले पावरप्ले (10 ओवर) में 54 छक्के लगाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर 24 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। रोहित ने इस दौरान 28 पारियों में 52.96 की औसत से 1,377 रन बनाए हैं, जिसमें 2 शतक और 11 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 131 है।


# पाक हॉकी दिग्गज की भारतीय टीम को सलाह

## विजेता की तरह खेलो और स्वर्ण तुम्हारा है

**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के प्रदर्शन से प्रभावित पाकिस्तान के महान सेंटर फॉरवर्ड हसन सरदार ने हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम को एक ही सलाह दी है, 'विजेता की तरह खेलो और तुम्हें स्वर्ण जीतने से कोई नहीं रोक सकता।

लॉस एंजिलिस ओलंपिक 1984 में पाकिस्तान को स्वर्ण पदक दिलाने में सूत्रधार रहे सरदार ने कहा, 'जब हॉकी या क्रिकेट में पाकिस्तान नहीं खेल रहा होता है तो मैं हमेशा भारत का समर्थन करता हूं। यह भारत की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से है जिसमें काफी सुधार आया है और जो यूरोपीय टीमों को कड़ी टक्कर दे रही है। उन्होंने कहा, 'इस टीम के पास 1980 के बाद ओलंपिक हॉकी में पहला स्वर्ण जीतने का सुनहरा मौका है और मुझे लगता है कि वे जीतेंगे।

**इस यकीन के साथ सेमीफाइनल में उतरें** – उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके प्रदर्शन से मैं काफी प्रभावित हुआ। भारतीय टीम अच्छी है और उसे दिमाग में यह बिठाकर खेलना है कि हम जीत सकते हैं। इस स्तर पर मानसिक तैयारी का ही फर्क होता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1984 ओलंपिक सेमीफाइनल की अपनी तैयारियो को याद करते हुए 66 वर्ष के पूर्व कप्तान ने कहा, 'हमने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था। टीम बैठकों में हमने इस पर बात की और हमें यकीं था कि हम उन्हें हरा सकते हैं। भारत को भी यह यकीन लेकर सेमीफाइनल में जर्मनी के खिलाफ उतरना होगा।



भारतीय टीम ने रविवार को क्वार्टर फाइनल में अमित रोहिदास को रेडकार्ड मिलने के बाद लगभग 40 मिनट दस खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद पेनल्टी शूटआउट में ब्रिटेन को 4-2 से हराया। दिल्ली एशियाई खेल 1982 के फाइनल में हैट्रिक लगाकर भारत के खिलाफ पाकिस्तान की 7-1 से जीत के नायक रहे सरदार ने कहा, 'दस खिलाड़ियों के साथ खेलना हमेशा कठिन होता है लेकिन भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। खासकर कप्तान जबर्दस्त फॉर्म में है। इस जीत से उनका मनोबल काफी बढ़ा होगा और अब उन्हें बस स्वाभाविक खेल दिखाना है।

उन्होंने कहा, 'हमने जब भारत को एशियाई खेलों के फाइनल में भारत में हराया था तो हमारा फोकस बढ़त बनाने और उसे दुगुनी करने पर था। दोनों टीमें अच्छा खेली लेकिन हम खुशकिस्मत थे कि इतने गोल कर सके। भारत ने आखिरी बार ओलंपिक स्वर्ण 1980 में मॉस्को में और आखिरी रजत 1960 में रोम ओलंपिक में जीता था। अब पेरिस में उनके पास इतिहास रचने का मौका है।

**जर्मनी को जवाबी हमले या वापसी का मौका कतई नहीं दें** – जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल के लिए उन्होंने भारत को सलाह दी है कि उसे जवाबी हमले या वापसी का मौका कतई नहीं दें। उन्होंने कहा, 'जर्मन टीम काफी कठिन प्रतिद्वंद्वी है। वे जबरदस्त वापसी करते हैं और शारीरिक रूप से बहुत मजबूत हैं। आप उन्हें शॉर्ट पास से ही हरा सकते हैं। पहला गोल करना जरूरी है और उन्हें वापसी से रोकना भी। भारतीय डिफेंस काफी मजबूत है और मुझे यकीन है कि वह ऐसा कर सकेगा।

**श्रीजेश इसे स्वर्ण के साथ यादगार बना दो** – सरदार ने कहा, 'जर्मनी का पेनल्टी कॉर्नर भी भारत की तरह मजबूत नहीं है। भारत के पास हरमनप्रीत जैसा पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ है जो सात गोल कर चुका है। उन्हें पीसी पर ज्यादा से ज्यादा गोल करने होंगे। उन्होंने अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे गोलकीपर पी आर श्रीजेश को भी शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'श्रीजेश से मैं इतना ही कहूंगा कि ऐसे ही खेलते रहो। यह तुम्हारा आखिरी टूर्नामेंट है और इसे स्वर्ण के साथ यादगार बना दो।

**भारत सरकार और हॉकी इंडिया को दिया श्रेय** – ऑस्ट्रेलिया और बेल्जियम बाहर है तो भारत के पास इससे अच्छा मौका नहीं हो सकता। उन्होंने भारतीय हॉकी का पुराना गौरव लौटाने का श्रेय भारत सरकार और हॉकी इंडिया को दिया। उन्होंने कहा, 'भारत के पास बेहतरीन खिलाड़ी तो हैं ही, इसके साथ ही भारत सरकार, पंजाब और ओडिशा सरकार ने हॉकी की काफी मदद की है। भारत सरकार ने जमीनी स्तर पर हॉकी पर काम किया है। पाकिस्तान हॉकी में अभी काफी चीजों की कमी है जिसकी वजह से हम ओलंपिक में नहीं है।

# इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प का निधन, दो वर्षों से गंभीर बीमारी से थे पीड़ित

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड और सरे के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प का 2022 से गंभीर बीमारी से जूझने के बाद निधन हो गया है। वह 55 वर्ष के थे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने यह जानकारी दी। इंग्लैंड की तरफ से 1993 से 2005 तक 100 टेस्ट मैच खेलने वाले थोर्प 2022 में अफगानिस्तान का मुख्य कोच नियुक्त किए जाने के कुछ दिन बाद गंभीर रूप से बीमार हो गए थे लेकिन उनकी चिकित्सा स्थिति का विवरण ज्ञात नहीं है।



इस बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट में 44.66 की औसत से 6744 रन बनाए जिसमें 16 शतक भी शामिल हैं। ईसीबी ने बयान में कहा, 'ईसीबी बहुत दुख के साथ यह खबर साझा कर रहा है कि ग्राहम थोर्प का निधन हो गया है। ईसीबी ने हालांकि उनके निधन का कारण नहीं बताया। उनके परिवार में पत्नी अमांडा और चार बच्चे हेनरी, अमेलिया, किट्टी और एम्मा हैं।

इंग्लैंड के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2000-01 सत्र के दौरान पाकिस्तान और श्रीलंका में इंग्लैंड की लगातार दो श्रृंखलाओं में जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बल्लेबाज ने सरे के लिए काउंटी क्रिकेट खेला। वह 11 साल की उम्र में इस काउंटी से जुड़ गए थे। सरे काउंटी क्रिकेट क्लब के प्रमुख ओली स्लिपर ने बयान में कहा, 'ग्राहम सरे के महान खिलाड़ियों में से एक हैं और हमें इस बात का बहुत दुख है कि अब हम उनके साथ ओवल में दिन नहीं बिता पाएंगे। उन्होंने एक क्रिकेटर और एक इंसान के रूप में क्लब के लिए अमूल्य योगदान दिया और उन्हें बहुत याद किया जाएगा।



# पिच बहुत स्पिन ले रही थी, मैच का पासा किसी भी तरफ पलट सकता था, भारत की हार पर बोले नायर

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर ने दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका से मिली अप्रत्याशित हार का ठीकरा पिच पर फोड़ते हुए कहा कि विकेट काफी स्पिन ले रहा था और ऐसे में मैच किसी भी तरफ पासा पलट सकता था। भारतीय बल्लेबाजों की स्पिन के खिलाफ कमजोरी खुलकर सामने आई जब उसे दूसरे वनडे में 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका की तरफ से लेग स्पिनर जेफरी वांडरसे ने छह विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया। नायर ने मैच के बाद कहा, 'यह आश्चर्य जनक था लेकिन आप जानते हैं कि इस तरह की परिस्थितियों में मैच का पासा किसी भी तरह पलट सकता था क्योंकि पिच से बहुत अधिक स्पिन मिल रही थी।% भारत के सामने 241 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी पूरी टीम 42.2 ओवर में 208 रन पर आउट हो गई। कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर बाकी अन्य बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे।

नायर ने कहा, 'अगर आप पहले मैच पर भी गौर करो तो नई गेंद से रन बनाना थोड़ा आसान था। गेंद के पुरानी पड़ जाने के बाद बल्लेबाजी करना आसान नहीं था विशेषकर जबकि आप बाद में बल्लेबाजी कर रहे हों। कुछ अवसरों पर मुश्किल परिस्थितियों में विशेष कर 50 ओवर के प्रारूप में ऐसा होता है।% भारत के सहायक कोच ने कहा कि टीम प्रबंधन उन चीजों पर गौर करेगा जो अभी तक टीम के अनुकूल नहीं रही हैं।

उन्होंने कहा, 'हमें उन चीजों पर गौर करना होगा जिन पर सुधार करने की जरूरत है। हमें इस पर विचार करना होगा कि लगातार दूसरे मैच में ऐसा क्यों हुआ। पहले मैच में हम कुछ हद तक साझेदारियां निभाने में सफल रहे थे लेकिन इस मैच में हमने लगातार विकेट गंवाए। भारत ने अपने मध्यक्रम में बदलाव करके शिवम दुबे को चौथे नंबर पर जबकि श्रेयस अय्यर को छठे और केएल राहुल को सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा लेकिन यह तीनों नहीं चल पाए।

नायर ने कहा, 'मेरा मानना है कि खेल में बल्लेबाजी पोजीशन तभी मायने रखती है जब आप मैच के विभिन्न चरणों में खेल रहे हैं। हमने बीच के ओवरों में विकेट गंवाए और तब मध्यक्रम के बल्लेबाज बल्लेबाजी कर रहे होते हैं। मेरा मानना था कि ऐसा करना सही था और जब यह नहीं चल पाता है तो अक्सर सवाल उठाए जाते हैं। मेरा मानना है कि अगर मध्यक्रम का बल्लेबाज मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर रहा हो तो उसे देखते हुए यह फैसला सही था।

# सीन नदी में तैरने के बाद बीमार पड़ी खिलाड़ी, बेल्जियम प्रतियोगिता से हटा

**पेरिस (एजेंसी)।** बेल्जियम की एक खिलाड़ी सीन नदी में तैरने के बाद बीमार पड़ गई जिस कारण उसकी टीम पेरिस ओलंपिक खेलों की मिश्रित रिले ट्रायथलॉन से हट गई। बेल्जियम ओलंपिक समिति ने बयान में कहा कि बुधवार को महिला ट्रायथलॉन में भाग लेने वाली उसकी खिलाड़ी क्लेयर मिशेल दुर्भाग्य से बीमार पड़ गई है जिसके कारण उनकी टीम को मिश्रित रिले ट्रायथलॉन से हटना होगा।



पेरिस ओलंपिक खेलों के आयोजकों ने मिशेल की बीमारी को लेकर तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया लेकिन कहा कि यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। बेल्जियम की ओलंपिक समिति ने भी उनकी बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। सीन नदी के पानी की गुणवत्ता पर शुरू से ही चिंता व्यक्त की जा रही है। इस कारण पहले ट्रायथलॉन के अभ्यास सत्र रद्द करने पड़े थे।


## फाइनल में जोकोविच से हार पर बोले अल्काराज

# मैंने खुद पर अधिक दबाव बना दिया था

**पेरिस (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल के फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने के बाद कहा कि उन्होंने खुद पर अपने देश की तरफ से खेलने का दबाव बना दिया था।

जोकोविच ने अल्काराज को 7-6 (3), 7-6 (2) से हराकर अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। इससे अल्काराज का सबसे कम उम्र में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने का सपना भी टूट गया। वह राफेल नडाल की बराबरी करने से भी चूक गए जिन्होंने 2008 में अपने पहले प्रयास में ही स्वर्ण पदक जीता था।

21 वर्षीय अल्काराज ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैंने खुद पर अधिक दबाव बना दिया था क्योंकि मैं स्पेन और स्पेनिश लोगों के लिए खेल रहा था। मैं सोच रहा था कि अगर मैं स्वर्ण पदक नहीं जीत पाऊंगा तो इससे स्पेन के लोगों को निराशा होगी। उन्होंने कहा, 'यह अलग तरह का दबाव था। स्पेन में हर कोई चाहता था कि मैं स्वर्ण पदक जीतूं और मैं भी यही चाहता था।



# मनु भाकर के स्वागत की ग्रैंड तैयारी, गिफ्ट में मिलेगी लग्जरी कार और बाइक

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में भारत की तरफ से इतिहास रचते हुए एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर की घर वापसी तैयारियां जोरों पर हैं। उन्हें गिफ्ट में लग्जरी कार और बाइक देने की भी तैयारी हैं। मां सुमेधा भाकर बेटी के वापस आने पर उसकी मन पसंद कार लैंड रोवर डिफेंडर व हार्ली डेविडसन बाइक उपहार में देंगी। 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्दा में कांस्य जीतने के बाद 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्दा में उन्होंने दूसरा कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा।



एक समाचार पत्र से बातचीत में भाकर की मां सुमेधा ने कहा, बेटी जो कहेगी, वही गाड़ी उसे खरीदकर देंगे। इसके लिए कार एजेंसियों से बात हो रही है। इस बीच सुमेधा ने मनु के बचपन की रोचक स्टोरी साझा करते हुए कहा जब वह गुरुग्राम शूटिंग रेंज में जाती थी तो बिग बैड ट्वाय कार एजेंसी की ओर इशारा करते हुए कहती थी कि जिस तरह की कारें यहां खड़ी हैं, उसी तरह की लेनी है। अब समय आ गया है।

**यूपीएससी और एचपीएससी की परीक्षा भी देगी भाकर** – मां ने बताया टोक्यो ओलिंपिक में मिली निराशा से उबरने के लिए मनु ने उसेन बोल्ट की किताब पढ़ी और उससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ी। आज परिणाम दुनिया के सामने है। उसेन बोल्ट की किताब ने मनु की जिंदगी को नया जीवन दिया। मनु को जीवन के ऊपर बनने वाली फिल्मों को देखना और ऐसी संघर्ष की किताबें पढ़ना पसंद है। एक सवाल के जवाब में सुमेधा ने कहा कि अब तो बेटी को बत्ती वाली प्रशासन की गाड़ी चाहिए। इसके लिए वह यूपीएससी और एचपीएससी की परीक्षा भी देगी।

**मौसी ने दांव पर लगा दी थीं अपनी नौकरी** – मनु की मां ने बताया कि मनु के जन्म के समय उनकी मौसी ने अपनी नौकरी दांव पर लगा दी थी। उन्होंने कहा कि मनु सुबह 4-20 बजे पैदा हुई। उसी दिन सुबह 10 बजे मेरी संस्कृत ओरिएंटल ट्रेनिंग की परीक्षा थी। मनु की मौसी अनीता ने स्कूल से छुट्टी लेकर भिवानी के परीक्षा केंद्र जाकर सुपरिंटेंडेंट से पैर पकड़कर मिन्नतें की और मंजूरी मिलने पर परीक्षा दी। अनीता ने अपनी नौकरी को दांव पर लगाकर मनु और मुझे संभाला।

## संक्षिप्त समाचार

### ऐसी सजा देंगे कि...सीएम हिमंता ने बताया 'लव जिहाद' पर क्या है तैयारी, 'लैंड जिहाद' भी निशाने पर



**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में लव जिहाद पर लगाम कसने की तैयारी हो चुकी है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्वा सरमा ने इस बात की जानकारी दी। सरमा ने बताया कि प्रदेश में ऐसे कानून का प्रस्ताव लाया जा रहा है जिसके तहत लव जिहाद के दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। असम में हिंदू और मुसलमानों के बीच जमीन की खरीद-फरोख्त को लेकर भी कानून आने वाला है। हिमंता सरमा इसे लैंड जिहाद का नाम देते हैं। उन्होंने यह बातें गुवाहाटी में भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के दौरान कहीं। गौरतलब है कि यूपी ने हाल ही में एक विधेयक पास किया है। इसमें 2021 के एंटी-कन्वर्जन विधेयक में सजा को लेकर कुछ बदलाव किए गए हैं। इसके मुताबिक शादी से जुड़े अपराधों या फिर वर्तमान शादी से जुड़े मामलों में 10 साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने चुनाव के दौरान लव जिहाद पर काफी बातें कीं। यह बेहद वास्तविक और गंभीर मामला है। इसमें जबर्दस्ती कर्न्वजन से लेकर धोखे से प्रेम संबंध बनाने तक के मामले शामिल हैं। हिमंता ने कहा कि अगले कुछ दिनों में हम ऐसे कदम उठाने वाले हैं, जिसके बाद इस तरह का काम करने वालों को आजीवन कारावास की सजा मिलेगी। हिमंता सरमा ने आगे 'लैंड जिहाद' को बड़ा खतरा बताया। उन्होंने बताया कि इसको लेकर भी कानून बनाया जा रहा है। असम के सीएम ने कहा कि अगर कोई मुस्लिम हिंदू की संपत्ति खरीदना चाहता है या कोई कोई मुसलमान किसी हिंदू की प्रॉपर्टी खरीदना चाहता है तो इसकी स्क्रूटनी होगी। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ शहर के जितना बड़ा इलाका एक खास तबके के लोगों से मुक्त कराया गया है। हिमंता सरमा ने कहा कि भाजपा प्रदेश के लोगों के अधिकारों की सुरक्षा के प्रति दृढ़प्रतिज्ञ है। उन्होंने कहा कि बारपेटा, माजुली और बाटाद्रवा में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की जमीनों की रक्षा के लिए हम एक नया कानून लाने वाले हैं। इसके बाद सिर्फ इसी इलाके के लोग यहां की जमीनें खरीद सकेंगे। सरमा ने सीएए को लेकर कहा कि यह भाजपा सरकार का एक बहादुरी भरा कदम था। हम उन लोगों की बायोमीट्रिक्स को अनलॉक करने जा रहे हैं, जिन्हें ब्लॉक किया गया था।

### दिल्ली मेट्रो में बार-बार नहीं खरीदना होगा क्यूआर कोड टिकट, स्मार्ट कार्ड की तरह करेगा काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो में सफर करने वाले यात्री अब क्यूआर कोड वाले टिकट का मेट्रो स्मार्ट कार्ड की तरह इस्तेमाल कर पाएंगे। मेट्रो प्रबंधन ने क्यूआर कोड टिकट के जरिए कई बार यात्रा (मल्टीपल जर्नी) सेवा शुरू करने के लिए ट्रायल शुरू कर दिया है। अगर यह सफल रहा तो जल्द ही मोबाइल का क्यूआर कोड ही मेट्रो स्मार्ट कार्ड की तरह काम करेगा। अच्छी बात यह है कि इसमें स्मार्ट कार्ड की तरह न्यूनतम 200 रुपये की जगह महज 100 रुपये का ही रिचार्ज कराना होगा। दरअसल, दिल्ली मेट्रो मोबाइल के जरिए क्यूआर कोड टिकटिंग के प्रयोग का विस्तार कर रही है। इसके लिए अलग-अलग ऐप के साथ समझौता करके इसे लॉन्च भी कर चुकी है। हालांकि, अभी इस क्यूआर कोड टिकट को सिर्फ एक बार यात्रा के लिए प्रयोग किया जा सकता है। अगर आप को दूसरी यात्रा करनी है तो दोबारा से क्यूआर कोड टिकट जनरेट करना पड़ता है। नई व्यवस्था में एक ही क्यूआर कोड को मेट्रो स्मार्ट कार्ड की तरह रिचार्ज कराकर कई बार यात्रा कर पाएंगे।दिल्ली मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फ्रॉड रोकने या फिर स्क्रीन शॉट लेकर कोई दूसरी यात्रा न कर सके, इसलिए उसमें डायनमिक कोड का प्रयोग किया गया है, जिससे वह क्यूआर कोड कुछ सेकंड के बाद बदलता रहेगा। इससे कोई भी इसका दुरुपयोग नहीं कर सकेगा। मेट्रो का मानना है कि क्यूआर कोड टिकटिंग में मल्टीपलन जर्नी की शुरुआत होने के बाद लोग स्मार्ट कार्ड को छोड़कर उसपर शिफ्ट होंगे। क्यूआर कोड की टिकटिंग पर भी स्मार्ट कार्ड की तरफ नॉन पीक आवर्स में किराये पर मिलने वाली 10 फीसदी की छूट मिलती रहेगी।

# लड़की बहन योजना को हाईकोर्ट ने बताया फायदेमंद, कहा- नहीं करती भेदभाव



**मुंबई, एजेंसी।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार की 'लड़की बहन योजना' (लाड़ली बहन योजना) महिलाओं के लिए एक लाभकारी योजना है और इसे भेदभावपूर्ण नहीं कहा जा सकता। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने शहर के चार्टर्ड अकाउंटेंट नवीद अब्दुल सईद मुल्ला द्वारा दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें इस योजना को रद्द करने की मांग की गई थी।

पीठ ने कहा कि सरकार को किस प्रकार की योजना बनानी है, यह 'न्यायिक समीक्षा' के दायरे से बाहर का मामला है। अदालत ने कहा, 'यह एक नीतिगत निर्णय है, इसलिए हम तब तक हस्तक्षेप नहीं कर सकते जब तक कि किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन न हो।' पीठ ने जनहित याचिका को खारिज कर दिया, लेकिन कहा कि वह याचिकाकर्ता पर कोई जुर्माना नहीं लगा रही है।

'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण योजना' के तहत 21 से 65 वर्ष आयु की उन पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 1,500 रुपये हस्तांतरित किए जाने की योजना है, जिनके परिवार की आय 2.5 लाख रुपये से कम है। इस योजना की घोषणा राज्य के बजट में की गई थी। जनहित याचिका में दावा किया गया है कि यह योजना राजनीति से प्रेरित है और वास्तव में यह सरकार द्वारा 'मतदाताओं को रिश्वत' देने के लिए शुरू की गई तोहफा योजना है।

याचिकाकर्ता के वकील ओवैस पेचकर ने दलील दी कि करदाताओं के धन का इस्तेमाल ऐसी योजनाओं के लिए नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि, उच्च न्यायालय की पीठ ने सवाल उठाया कि क्या अदालत सरकार के लिए योजनाओं की प्राथमिकताएं तय कर सकती है? पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को मुफ्त और सामाजिक कल्याण योजना के बीच अंतर करना होगा।

मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय ने कहा, 'क्या हम (अदालत) सरकार की प्राथमिकताएं तय कर सकते हैं? हमें राजनीतिक पचड़े में न डालें...हालांकि यह हमारे लिए लुभावना हो सकता है।' उन्होंने कहा, 'सरकार का हर फैसला राजनीतिक होता है।' पीठ ने कहा कि एक अदालत के तौर पर वह सरकार से एक या अन्य योजना शुरू करने के लिए नहीं कह सकती।

पेचकर ने दावा किया कि यह योजना महिलाओं के बीच भेदभाव करती है क्योंकि केवल वे ही इसका लाभ उठा सकती हैं जिनकी वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है। इस पर उच्च न्यायालय ने सवाल किया कि 2.5 लाख रुपये प्रति वर्ष कमाने वाली महिला की तुलना 10 लाख रुपये प्रति वर्ष कमाने वाली महिला से कैसे की जा सकती है।

उच्च न्यायालय ने कहा, 'यह कुछ महिलाओं के लिए लाभकारी योजना है। यह भेदभाव कैसे है? कोई महिला 10 लाख रुपये कमाती है और कोई दूसरी महिला 2.5 लाख रुपये कमाती है...क्या वे एक ही वर्ग या समूह में आती हैं? समानता की मांग समान लोगों के बीच की जानी चाहिए। कोई भेदभाव नहीं है।' पीठ ने कहा कुछ महिलाएं जो दूसरों से कम कमाती हैं, वे एक ही समूह में नहीं आती हैं, इसलिए 'इस तरह का भेदभाव जायज है।' अदालत ने कहा कि यह योजना बजटीय प्रक्रिया के बाद शुरू की गई थी। मुख्य न्यायाधीश उपाध्याय ने सवाल किया, 'योजना के लिए धन का आवंटन बजट में किया गया है। बजट बनाना एक विधायी प्रक्रिया है। क्या न्यायालय इसमें हस्तक्षेप कर सकता है?' पीठ ने कहा कि भले ही वह व्यक्तिगत रूप से याचिकाकर्ता से सहमत हो, लेकिन वह कानूनी रूप से हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

### भरतपुर में लालच देकर कर रहे थे धर्म परिवर्तन, पुलिस ने मारे छापे; दो गिरफ्तार

**भरतपुर , एजेंसी ।** राजस्थान के भरतपुर में एक बार फिर धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है । शहर की कंजौली लाइन क्षेत्र में बाबा लक्ष्मणदास कॉलोनी के एक मकान में कुछ लोग दलित और निम्न वर्ग के लोगों का पैसों का प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन का प्रयास कर रहे थे । मौके पर मकान में करीब 100 से अधिक लोग मौजूद थे, जिनमें महिला एवं बच्चे भी शामिल थे । कुछ लोग यहां दलित वर्ग के महिला-पुरुषों को ईसाई धर्म की महत्ता बताते हुए अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे थे । साथ ही गरीब तबके के लोगों को ईसाई धर्म अपनाने पर हर महीने 5 से 10 हजार रुपये महीने की मदद दिलाए जाने का प्रलोभन भी दे रहे थे । सेवर एसएचओ अनिल जसोरिया ने बताया कि रविवार सुबह करीब 11 बजे इस मामले की सूचना मिली थी कि बाबा लक्ष्मणदास कॉलोनी के एक मकान में कुछ लोग धर्म परिवर्तन की गतिविधि चला रहे हैं । इस पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने वहां एकत्रित हुए आमजन को अपने-अपने घर भेज दिया । मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है ।इस संबंध में रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है । स्थानीय लोगों ने सूचना मिलते ही इसका विरोध किया और पुलिस को सूचना दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है । घटना को लेकर महाराजा सूरजमल यूथ ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश कसौदा ने थाना सेवर पुलिस में मामला दर्ज कराया है । दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि बाबा लक्ष्मणदास कॉलोनी के एक मकान में बीते एक साल से हर रविवार को धर्म परिवर्तन जैसी गतिविधि को कुछ लोगों द्वारा अंजाम दिया जाता है । प्रार्थना के नाम पर आयोजक गरीब व निम्न वर्ग के लोगों को पैसों का प्रलोभन देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है । नरेश कसौदा का आरोप है कि ईसाई धर्म अपनाने के लिए लोगों को तमाम तरह के प्रलोभन दिए जा रहे थे । मासिक रुपयों के साथ ही उन्हें बीमारियों से छुटकारा दिलाने, बच्चों की निःशुल्क पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराने आदि का लालच भी दिया जा रहा था । लोगों को प्रार्थना करने के नाम पर वहां बुलाकर एकत्रित किया गया था और उन्हें अपने धर्म से संबंधित प्रचार सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही थी ।

# धौलपुर में छात्रा को बस में नहीं बिठाने पर उपजा विवाद, स्कूल में चले लाठी डंडे



**धौलपुर , एजेंसी।** राजस्थान के धौलपुर के बसेड़ी थाना इलाके में बयाना रोड स्थित एक निजी स्कूल में मारपीट का मामला सामने आया है। करीब एक दर्जन लोगों ने निजी स्कूल में पहुंचकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। स्कूल के स्टाफ के साथ लाठी डंडों से मारपीट की गई है। मारपीट का वीडियो जिले भर में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है. स्कूल प्रबंधन एवं आरोपियों में झगड़े की वजह छात्रा को बस में नहीं बिठाने की मानी जा रही है।

स्कूल प्रबंधक विवेक मित्तल द्वारा दर्ज कराए गए मामले में बताया गया है कि शनिवार को दो लोग उसके स्कूल में घुस आए, जहां उन्होंने टीचर के साथ अभद्रता की जिसका विरोध करने पर दोनों आरोपी स्कूल बंद करने की धमकी देते हुए वापस लौट गए थोड़ी देर बाद ही 10-12 लोगों के साथ पहुंचे दोनों आरोपियों ने स्कूल में घुसते ही मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद ऑफिस में घुसकर स्कूल का रिकॉर्ड फाड़ दिया। स्कूल स्टाफ रिन्कपाल सिंह, गजेन्द्र सिंह, विशाल, वकील सिंह के साथ लाठी डंडों से मारपीट की गईष जिससे रिन्कपाल के चेहरे व पीठ पर चोट आ गई।

उन्होंने बताया कि आरोपियों ने स्टाफ रिन्कपाल के कान से सोने की बाली को खींच लिया। जिसके बाद सभी आरोपी स्कूल को बंद करने की धमकी देकर भाग निकले। आरोपियों द्वारा की गई मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है। एएसआई फतेह सिंह ने बताया स्कूल प्रबंधन ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खटमल, तरबूज...निजी हमले करने से भी नहीं कतरा रहे उद्धव ठाकरे और देवेंद्र फडणवीस




**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव करीब आ रहे हैं, विरोधी दलों में आपसी तकरार भी तेज हो रही है। वहीं शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच जुबानी जंग भी तीखी होती जा रही है। दोनों ही एक दूसरे पर निजी टिप्पणी करने से भी चूक नहीं रहे हैं। शनिवार को मुंबई और पुणे की जनसभाओं में उद्धव ठाकरे ने फडणवीस को खटमल और तरबूज तक कह दिया। उन्होंने कहा कि अब उनसे छुटकारा पाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सड़क के गड्ढों में उन्हें फेंक देना चाहिए।

वहीं नागपुर में फडणवीस ने कहा कि उद्धव ने अपना दिमागी संतुलन को दिया है। उन्होंने कहा, उद्धव जी फ्रस्ट्रेट हो गए हैं। जिस तरह के शब्दों का वह इस्तेमाल कर रहे हैं उससे उनके दिमागी हालत का अंदाजा लगता है। उनके शब्दों से औरंगजेब फैनक्लब के नेता के रूप में उनकी पहचान और मजबूत हो रही है। हाल ही में पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) चीफ शरद पवार ने आरोप लगाए थे कि उन्हें बीजेपी की तरफ से उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे को झूठे केसों में फंसाने का ऑफर दिया जा रहा है।

इसके बाद उद्धव ठाकर ने यहां तक कह दिया कि या तो तुम (फडणवीस) राजनीति में रहोगे या फिर मैं रहूंगा। उद्धव ठाकरे के ही एक करीबी ने दावा किया है कि अगर उनके परिवार पर बात आती है तो वह अपने विरोधियों पर हमला करने में चूकते नहीं हैं। उनका मानना है बीजेपी उनकी राजनीति खत्म करना चाहती है। वहीं महाराष्ट्र में इस तरह की तीखी बयानबाजी कोई असामान्य नहीं है। एक समय था जब दोनों नेता एक दूसरे को समर्थन देकर सरकार बना रहे थे। 2014 से 2019 के बीच दोनों ही नेताओं में घनिष्ट संबंध थे। शिवसेना ने फडणवीस की सरकार में पूरा विश्वास जताया था। फडणवीस भी उद्धव ठाकरे को मीठा बोलने वाले सहयोगियों में गिनते थे। वहीं 2017 में मुंबई सिविक पोल में 82 सीटें जीतने के बाद भी सिविक बॉडी पर उद्धव को पूरा नियंत्रण दे दिया। मेयर की पोस्ट भी शिवसेना को दे दी। 2022 में शिवसेना में फूट पड़ने और एकनाथ शिंदे के विद्रोह के बाद दोनों के बीच दूरी बढ़ गई। उद्धव की पार्टी का मानना है कि इस फूट के पीछे देवेंद्र फडणवीस का ही हाथ है। पिछले साल उद्धव ठाकरे ने जब फडणवीस को फाडतूस (फालतू) गृह मंत्री बताया था तो इसके जवाब में फडणवीस ने कहा था, मैं फाडतूस नहीं, कारतूस हूं। जिंदा कारतूस।

# जो हम से टकराएगा, भारी कीमत चुकाएगा, इजरायली पीएम नेतन्याहू बोले- ईरान हो या हमास सभी को करारा जवाब मिलेगा



**तेल अवीव , एजेंसी।** हमास और हिजबुल्लाह के टॉप लीडर्स को निशाना बनाने के बाद अब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने दुशमनों को एक बार फिर चेताया है। गाजा में हमास आतंकवादियों के खात्मे का आह्वान करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि वो जल्द ही युद्ध के सभी उद्देश्य पूरे करेंगे।

इजरायली पीएम ने ये भी घोषणा की कि वो अपने सभी बंधकों की घर वापसी जल्द करवाएगा।

**भारी कीमत चुकानी पड़ेगी...:** नेतन्याहू ने कहा कि ईरान और उसके अनुयायी हमें आतंकवाद के चंगुल में फंसाना चाहते हैं, लेकिन हम हर मोर्चे पर उसे जवाब देना जानते हैं। चाहे वो पास में हो या दूर, हम किसी दुशमन को नहीं छोड़ने वाले, जो कोई भी हमें नुकसान पहुंचाना चाहेगा, उसे बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

नेतन्याहू की यह चेतावनी उनके दिग्गज पूर्व नेता और संस्थापक जी एव जाबोटिंस्की की मृत्यु की वर्षगांठ पर आयोजित एक राजकीय समारोह में दी।

**हमास नेता की हत्या के बाद बढ़ा गतिरोध:** बता दें कि तेहरान में हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हनीयेह की हत्या के बाद इजरायल और ईरान में गतिरोध और बढ़ गया है। ईरान ने इसके पीछे इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है, हालांकि इजराइली अधिकारियों द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

**इजरायल और हिज्बुल्लाह में जंग जैसे हालात:** दोनों देशों में ये गतिरोध लगातार बढ़ता जा रहा है, क्योंकि महीनों से सीमा पार की झड़पें हिज्बुल्लाह और इजराइल के बीच बड़े युद्ध की आहट लग रही हैं। दोनों विरोधियों के बीच आखिरी बार 2006 में एक विनाशकारी युद्ध हुआ था, जिसमें इजराइल ने बेरूत में लेबनान के एकमात्र यात्री हवाई अड्डे पर बमबारी की थी। वर्तमान स्थिति की गंभीरता ने भारत सहित विभिन्न दूतावासों को अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने का आग्रह किया है, जबकि वाणिज्यिक उड़ानें उपलब्ध हैं।

### भारत से नेपाल जा रहा कांवड़ियों से भरा ट्रैक्टर पलटा, मची चीख-पुकार

**काठमांडू , एजेंसी।** नेपाल के सरलाही जिले में रविवार को भारत से लौट रहे हिंदू तीर्थयात्रियों को ले जा रहा एक ट्रैक्टर नहर में गिर गया, जिससे एक महिला की मौत हो गई और उसकी 11 वर्षीय बेटी सहित चार अन्य घायल हो गए। दुर्घटना मलंगावा इलाके में हुई और इस दौरान ट्रैक्टर पर 25 तीर्थयात्री सवार थे। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना चालक के ट्रैक्टर से नियंत्रण खो देने के कारण हुई। तीर्थयात्री बिहार के मधिया में एक मंदिर में पवित्र जल चढ़ाने के बाद घर वापस आ रहे थे। बाकी तीर्थयात्री सुरक्षित बताए जाते हैं। ट्रैक्टर चालक फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। आस-पास के लोगो को जैसे ही वाहन पलटने की भनक मिली सभी अपने अपने काम छोड़ कर दौड़ पड़े। महिलाओ को महिलाएं संभाल रहीं थीं। वहीं पुरुष व महिलाएं पानी में उतर कर सभी को निकालने में मदद कर रहे थे। रविवार को सोनबरसा प्रखंड के मढिया स्थित बाबा मांकेश्वर नाथ धाम पर जलाभिषेक कर ट्रैक्टर से पच्चीस कांवड़िए लौट रहे थे। संतुलन बिगड़ने के बाद बागमती नदी के नाहर में ट्रैक्टर पलट गया।

# 300 मौतें... हजारों घायल और देश में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू

## हिंसा की आग में धधक रहा बांग्लादेश?



**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश में सरकारी नौकरी में आरक्षण खत्म करने और प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और सत्तारूढ़ पार्टी के समर्थकों के बीच भड़की हिंसा में अब तक 14 पुलिसकर्मियों समेत करीब 300 लोगों की जान चली गई है। हिंसा में हजारों लोग घायल हुए हैं। बांग्लादेश में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि पूरे देश में अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। साथ ही प्रदर्शन को दबाने के लिए देश में इंटरनेट सेवा पर बैन लगा दिया गया है। हाईवे और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वाले छात्रों पर पुलिस गोली मारने के साथ में आंसू गैस के गोले छोड़ रही है।

**प्रदर्शनकारियों की पुलिस से 20 जिलों में झड़पः** छात्र देश में असहयोग अभियान चला रहे हैं। रविवार को पुलिस बलों और प्रदर्शनकारियों की कम से कम 20 जिलों में झड़प हुई। प्रदर्शनकारी लगातार प्रदर्शन करके प्रधानमंत्री शेख हसीना पर इस्तीफा देने के लिए दबाव बनाए रखना चाहते हैं।

**क्या है प्रदर्शनकारियों की मांग?:** बांग्लादेश में फैली देशव्यापी हिंसा को लेकर सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर प्रदर्शनकारी यह जानलेवा प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं और उनकी सरकार से क्या मांगे हैं। दरअसल, बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों को लेकर आरक्षण कानून का प्रावधान है। बांग्लादेश में आरक्षण प्रणाली के तहत 56 फीसदी सरकारी नौकरियां आरक्षित हैं।

**स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के लिए आरक्षण रिजर्वः** इन नौकरियां में से 30 फीसदी आरक्षण साल 1971 के मुक्ति संग्राम के स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार वालों के लिए आरक्षित हैं। इसके अलावा 10 फीसदी आरक्षण पिछड़े प्रशासनिक जिलों के लिए और 10 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षण रिजर्व है। इसके अलावा पांच प्रतिशत आरक्षण जातीय अल्पसंख्यक समूहों के लिए और एक प्रतिशत दिव्यांग लोगों के लिए आरक्षित है।

**आरक्षण को लेकर क्या है विवाद?:** इसमें भी बांग्लादेश की आरक्षण प्रणालियों में से विवाद 30 प्रतिशत आरक्षण को लेकर है, जो स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार वालों को दिए गए हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि सरकार उन लोगों को आरक्षण देने के पक्ष में है, जो शेख हसीना सरकार का समर्थन करते हैं। छात्रों का आरोप है कि मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरियां नहीं दी जा रही हैं।

**पिछले महीने हिंसक विरोध-प्रदर्शन शुरू हुएः** बांग्लादेश की सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण की कोटा प्रणाली को लेकर पिछले महीने हिंसक विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

### नेपाल के प्रधानमंत्री ने भारत के साथ संपर्क बढ़ाने के लिए जलमार्ग और रेलवे के विस्तार की वकालत की

**काठमांडु , एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री के पी ओली ने रविवार को देश के जलमार्ग और रेलवे के विकास के महत्व पर प्रकाश डाला तथा भारत के साथ संपर्क बढ़ाने की संभावनाओं पर जोर दिया।



भौतिक अवसंरचना एवं परिवहन मंत्रालय के तहत सड़क विभाग की वार्षिक प्रगति समीक्षा बैठक में ओली ने सिविल सेवकों को भारतीय सीमा के पास हनुमाननगर से त्रिवेणी और देवघाट तक स्टीमर सेवाओं के संचालन के लिए एक योजना का मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नेपाल में 1970 से स्टीमर सेवाओं की अनुमति देने वाला कानून होने के बावजूद इस तरह के बुनियादी ढांचे का उपयोग नहीं किया गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। ओली ने कहा, ''हमें हनुमाननगर में एक बंदरगाह, एक सीमा शुल्क कार्यालय और वीजा केंद्र स्थापित करना चाहिए।'' जलमार्गों के अतिरिक्त, ओली ने नेपाल की रेल सेवाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया तथा मौजूदा जनकपुर-कुर्था रेलवे लाइन में दो रेलवे लाइनें जोड़ने का आह्वान किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129